

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 19 नवंबर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-229 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 20 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

सुबह-शाम गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता: मोदी

नई दिल्ली,19 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिक्की के शताब्दी सम्मेलन में कहा कि भारत में प्रगति की रफ्तार बहुत तेज है और देश के लोग तेजी से गरीबी से बाहर निकल रहे हैं. उन्होंने कहा कि ग्लोबल रेटिंग एजेंसियां भारत की तरक्की की तारीफ कर रही हैं. फिक्की के शताब्दी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है. प्रधानमंत्री मोदी ने साथ ही यह भी कहा कि सुबह-शाम गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता. पीएम ने कहा कि भारत की विकास दर करीब 7 फीसदी रहने का अनुमान है. बीते दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि भारत एक आर्थिक आपदा के दरवाजे पर खड़ा है. आज युवाओं को भरोसा नहीं है कि उनकी डिग्री उन्हें नौकरी दिला पाएगी और छात्रों को पेपर लीक से अपना भविष्य बर्बाद होने का डर है. राहुल गांधी ने कहा कि देश में रोजगार के अवसर घट रहे हैं और आर्थिक असमानता बढ़ रही है. उन्होंने दावा किया कि आज का भारत वह नहीं है, जिसकी मजबूत आर्थिक बुनियाद कांग्रेस ने दशकों की मेहनत से खड़ी की थी. राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मीडिया इस सच्चाई को दबा सकता है और प्रधानमंत्री इससे मुंह मोड़ सकते हैं, लेकिन हकीकत नहीं बदल सकती. उन्होंने आरोप लगाया कि यह आर्थिक आपदा खुद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हाथों से बनाई है.



इसके उलट प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि अक्टूबर में भारत का गुड्स एक्सपोर्ट करीब 50 अरब डॉलर रहा, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है. पीएम मोदी ने कहा कि भारत के मजबूत प्रदर्शन के चलते मूडीज रेटिंग्स, S&P ग्लोबल रेटिंग्स, फिच रेटिंग्स, वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) जैसी संस्थाएं देश की विकास दर के अनुमान बढ़ा रही हैं.गरीबी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 70 के दशक में जब देश में 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी. गरीबी तब भी दूर हो सकती थी, लेकिन उस समय नीतियों और नीयत दोनों में कमी रही. उन्होंने कहा कि FICCI इस बात का भी गवाह है कि जब सही नीयत से काम हुआ और सरकार ने सही दिशा में कदम बढ़ाए, तो सिर्फ 12-13 वर्षों में 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल आए. पीएम मोदी ने वर्ल्ड बैंक की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें बताया गया है कि 12-13 वर्षों में भारत के 50 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है. उनके मुताबिक, यह दिखाता है कि भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह सही है और इसमें देश की सफलता की गारंटी है. प्रधानमंत्री ने बीते 100 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के अलग-अलग दौर का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि देश ने लाइसेंस-कोटा राज, राष्ट्रीयकरण का असफल प्रयोग और 21वीं सदी में अर्थव्यवस्था को 'फ्रेजाइल फाइव' में शामिल होते देखा है. लेकिन बीते 12 वर्षों में युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्योग जगत के लोगों ने मिलकर हालात बदले हैं. फिक्की की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने कहा कि किसी संस्था का इतने लंबे समय तक सक्रिय रहना और बदलते समय के साथ खुद को आगे बढ़ाना बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि फिक्कीने भारतीय उद्योग की कई उपलब्धियां देखी हैं. अब यह तय करने का समय है कि भारतीय उद्योग अगले 20 वर्षों में क्या हासिल कर सकता है.

इंदिरा गांधी को जयंती पर मोदी ने किया याद

नईदिल्ली,19 नवंबर। देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 19 नवंबर को इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर उन्हें याद किया। इंदिरा गांधी देश की पहली और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही हैं। भारतीय राजनीति में उनके लंबे कार्यकाल और फैसलों की वजह से उनका नाम देश के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

दाऊद इब्राहिम के पुश्तैनी घर पर चला बुलडोजर

मुंबई,19 नवंबर। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम के पुश्तैनी घर को जमींदोज कर दिया गया है। मुंबई के भिंडी बाजार स्थित दाऊद इब्राहीम के घर को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। मुसफिखाना बिल्डिंग जर्जर हो चुकी थी और यहां खतरा बना हुआ था। प्रशासन ने इसे गिराने का फैसला लिया था। भारी पुलिस बल की तैनाती में दाऊद इब्राहिम के पुश्तैनी घर को गिराया गया। बीएमसी ने स्पष्ट किया कि पूरी मस्जिद को नहीं गिराया जाएगा। स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। BMC ने इसे C-1 श्रेणी में घोषित किया था। जानकारी के मुताबिक, इमारत की हालत बेहद जर्जर हो चुकी थी। दीवारों और छत के गिरने का खतरा भी बना हुआ था और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी कारण इसे सी-1 ग्रेड में डाला गया था। गुरूवार को जर्जर हिस्सा गिराया जाएगा। लोगों के विरोध को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। लोगों ने मस्जिद तोड़ने पर नाराजगी भी जताई। इसके अलावा यह दाऊद इब्राहीम का पुराना घर भी है इसलिए इस पर सभी की नजरें थी। मुंबई की मुसाफिरखाना इमारत लंबे समय से चर्चा में रही है। एक तरफ इमारत की जर्जर हालत और गिरने का खतरा, दूसरी तरफ मस्जिद से जुड़ा होने की वजह से यह मामला बेहद संवेदनशील बन चुका था। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए BMC और पुलिस ने खासा इंतजाम किए थे। प्रशासन ने लोगों को खतरे को लेकर आगाह किया था।

कनाडा में भारतीय युवक की हत्या, जलती कार में मिला शव

ओटावा,19 नवंबर। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के लैंगली इलाके में दर्दनाक घटना सामने आई है। एक जलती हुई कार के अंदर 25 वर्षीय तुषार शर्मा का शव मिला है। पुलिस ने भारतीय शख्स की संदिग्ध हत्या के मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को गाड़ी में मिले इंसानी शव के अवशेष से तुषार शर्मा की पहचान हुई। मिली जानकारी के अनुसार शर्मा सरे के रहने वाले थे। इनकी हत्या कब और कैसे हुई इसकी जांच हो रही है। पुलिस ने बताया कि 29 अक्टूबर की रात लगभग 10:30 बजे उन्हें लैंगली के रॉलिन्सन क्रेसेंट इलाके में एक गाड़ी के जलने की सूचना मिली। लैंगली पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। आग बुझाने की कोशिश के दौरान, आपातकालीन कर्मियों को गाड़ी के अंदर इंसानी अवशेष दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने हत्या के मामले की जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए, कनाडा की 'इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम' ने जांच की कमान संभाल ली है।

दीपावली मिलन समारोह : सीएम ने पद्मश्री मदन सिंह चौहान से की आत्मीय भेंट

रायपुर,19 नवंबर। संगीत सीखने की लगन सच्ची हो, तो साधन कभी राह का रोड़ा नहीं बनते। रियाज के लिए जब कोई वाद्य यंत्र नहीं मिला तो पीपे को ही ढोलक बना लिया और उसी पर थाप देकर संगीत साधना शुरू कर दी। ढोलक से तबले तक का सफर तय किया और करीब 30 वर्षों तक तबला बजाने के बाद आज सूफी गायकी में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यह कहानी है छत्तीसगढ़ के पद्मश्री से सम्मानित संगीत साधक मदन सिंह चौहान की, जिन्हें लोग



स्नेह से 'गुरुजी' कहते हैं।नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं एक-एक टेबल पर पहुंचकर अतिथियों से मुलाकात कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने चौहान से आत्मीय भेंट की और उन्हें दीपावली की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने संगीत साधना के प्रति उनके समर्पण और कला के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। चौहान ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी संगीत साधना जारी रखी। निरंतर अभ्यास और समर्पण के बल पर उन्होंने गजल एवं सूफी गायन के क्षेत्र में विशेष मुकाम हासिल किया। कला के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया।

भारत को गैर-लोकतांत्रिक नहीं बनने देंगे: राहुल गांधी

नई दिल्ली,19 नवंबर। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश की धरती से भारतीय चुनावी व्यवस्था और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल उठाए हैं। अमेरिका दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रॉबर्ट पेप के साथ बातचीत के दौरान मोदी सरकार पर गरजते हुए कहा कि हंम भारत को गैर-लोकतांत्रिक नहीं बनने देंगे। हम चुनाव नहीं लड़ेंगे तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। लिहाजा हमें इसे लड़ना ही होगा।

भाजपा ने ओबीसी को सत्ता में हिस्सेदारी देकर सम्मान दिया है : मौर्य


■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,19 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आहूत संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओबीसी मोर्चा ने पूरे छत्तीसगढ़ में मण्डल स्तर तक संगठन की संरचना को पूर्ण कर लिया है। अब हमारा संकल्प है कि संगठन की शक्ति को जिला, मण्डल और बूथ तक लेकर जाएँ ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव, उनमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सबसे अग्रणी भूमिका रहे। श्री मौर्य ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा का काम केवल संगठन बनाना नहीं है, बल्कि सभी समाज के साथ समन्वय और संवाद स्थापित करना है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की जो योजनाएँ हैं, उनको समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारा मूल संकल्प है। श्री मौर्य ने कहा कि देश की आजादी के बाद से ओबीसी समाज के प्रति कांग्रेस सरकारों की बड़ी उदासीनता रही है। कांग्रेस ने ओबीसी की हमेशा चर्चा की, लेकिन ओबीसी के जीवन के उत्थान में उनकी भूमिका क्या रही, यह सब जानते हैं। कांग्रेस की राजनीति एक परिवार तक सीमित थी। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 साल की व्यवस्था को बदला है। जिनको समाज की राजनीतिक सत्ता से दूर रखा गया था, उनको देश में अग्रणी भूमिका में लाने का काम भाजपा और मोदी सरकार ने किया है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकार निरन्तर इसी दिशा में कार्य कर रही है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि हम 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। इस लक्ष्य में ओबीसी समाज की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। जो समाज मुख्यधारा से छूट गया है, उसे मुख्यधारा में लाना, उसे शिक्षा, रोजगार, स्वाभिमान और राजनीतिक हिस्सेदारी देना, यही हमारा चिंतन है। इसी को लेकर हम समाज के बीच में जाने वाले हैं। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा ने ओबीसी को सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि सत्ता में हिस्सेदारी देकर सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जब प्रधानमंत्री बने, तो देश के इतिहास में पहली बार केंद्र में 27 ओबीसी मंत्री बने। छत्तीसगढ़ सरकार में भी 14 में से 7 मंत्री ओबीसी समाज से हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा का संकल्प है कि जो समाज छूटा था, उसे आगे लेकर आएँ।

मोदी की तारीफ करने पर सैम पित्रोदा को बर्खास्त करने की मांग

नईदिल्ली,19 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करना इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को भारी पड़ गया है। उनके इस बयान को लेकर पार्टी में अंदरूनी कलह शुरू हो गई है। आईओसी के उपाध्यक्ष जॉर्ज अब्राहम और कनाडा में रहने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता देवांशु नारंग ने सैम पित्रोदा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है। नारंग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर सैम पित्रोदा के बयान कोशर्मनाक बताया है। नारंग का कहना है कि प्रधानमंत्री की तारीफ करने से पार्टी के कई कार्यकर्ता हैरान और निराश हैं। उन्होंने पार्टी आलाकमान से मांग की है कि सैम पित्रोदा को तुरंत इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से बर्खास्त किया जाए। वहीं, आईओसी के उपाध्यक्ष जॉर्ज अब्राहम ने सैम पित्रोदा को एक ईमेल भेजकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। अब्राहम ने पित्रोदा द्वारा पीएम मोदी को बेहद मिलनसार, दयालु और स्नेही व्यक्ति बताए जाने पर सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि प्रवासी भारतीयों के बीच पीएम मोदी की पहले से ही मजबूत पकड़ है और ऐसे में जब कांग्रेस की विदेशी इकाई का प्रमुख ही उनकी खुलकर तारीफ करेगा तो आम लोग निजी दोस्ती और राजनीतिक समर्थन के बीच का फर्क नहीं समझ पाएंगे। अब्राहम ने अपने ईमेल में लिखा कि राजनीतिक शिष्टाचार अपनी जगह है, लेकिन सत्ता के इस्तेमाल और आम नागरिकों पर पड़ने वाले उसके असर को किसी नेता के चरित्र से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। उन्होंने कहा इतिहास किसी नेता का मूल्यांकन इस बात से नहीं करता कि वह अपने दोस्तों के साथ कितना अच्छा व्यवहार करता है, बल्कि इससे करता है कि वह समाज के सबसे कमजोर वर्गों के साथ कैसा बर्ताव करता है। अब्राहम ने गुजरात दंगों और मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए पूछा कि हिंसा शुरू होने के दो साल से अधिक समय बाद प्रधानमंत्री ने मणिपुर का पहला दौरा किया उस समय पीड़ितों के प्रति वह करुणा और स्नेह कहां था? इसके अलावा उन्होंने धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती कथित कट्टरता और एफसीआरए नियमों को सख्त किए जाने पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे ईसाई समुदाय के शैक्षणिक और धर्मार्थ संस्थानों पर संकट मंडरा रहा है। यह विवाद पिछले हफ्ते तब शुरू हुआ जब सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी को अपना पुराना दोस्त और बेहद प्यारा गुजराती मित्र बताया। इसके बाद दोनों के बीच दिवाली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री ने सैम पित्रोदा को 'सैम भाई' कहकर संबोधित किया।



छत्तीसगढ़ में चक्रवात 'अकवान' का असर

20-21 नवंबर को बस्तर में भारी बारिश का अलर्ट, 50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

रायपुर,19 नवंबर। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'अकवान' का प्रभाव छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी पड़ने लगा है। प्रदेश में बादलों की आवाजाही, तापमान में गिरावट और ठंडी हवाओं के कारण मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग ने 20 और 21 नवंबर को बस्तर संभाग में भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम में बदलाव के साथ प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चलने की आशंका है। इसके चलते आने वाले दिनों में ठंड का असर भी बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। कई इलाकों में बादल छाए रहने के साथ बारिश और तेज हवाओं की स्थिति बन सकती है। तापमान में गिरावट के कारण ठंड का एहसास बढ़ने के आसार हैं। राजधानी रायपुर में 19 नवंबर को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहने का अनुमान है। यहां अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। पिछले दो दिनों में राजधानी के तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इससे सुबह और रात के समय ठंड का असर महसूस होने लगा है। इससे पहले 18 नवंबर को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा और कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई। इस दिन रायपुर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 20 और 21 नवंबर को छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है।

मुक्तिधाम से बुजुर्ग महिला की अस्थियां गायब

चिता स्थल पर मिला नारियल और दीपक, परिवार सदमे में

बालोद,19 नवंबर। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। गुरुर ब्लॉक के खैरवाही गांव स्थित मुक्तिधाम से 94 वर्षीय विद्यावती रुखमणी शर्मा की अस्थियां गायब हो गईं। अंतिम संस्कार के अगले दिन जब परिजन अस्थियां एकत्रित करने पहुंचे, तो चिता स्थल पर अस्थियां नहीं मिलीं। मौके पर नारियल और दीपक रखा हुआ था। परिजनों को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पूजा-पाठ करने के बाद अस्थियां वहां से उठा लीं। घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है। जानकारी के मुताबिक, विद्यावती रुखमणी शर्मा का 12 नवंबर 2026 की रात करीब 11 बजे निधन हो गया था। 13 नवंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अगले दिन 14



नवंबर की शाम उनके बड़े बेटे बालमुकुंद शर्मा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अस्थियां लेने मुक्तिधाम पहुंचे। वहां चिता स्थल पर नारियल और दीपक रखा देखकर परिजन हैरान रह गए। जब उन्होंने राख में अस्थियां तलाशीं तो वे गायब मिलीं। इसके बाद परिवार ने गांव में भी पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बताया जा रहा है कि मृतका गुरुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा की सगी चाची थीं। उनके बेटे रामेश्वर प्रसाद शर्मा सिंचाई विभाग में एसडीओ के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। परिवार के मुताबिक, उनका किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी। मृतका धार्मिक स्वभाव की थीं और उनकी अंतिम इच्छा थी कि उनकी अस्थियां प्रयागराज ले जाकर गंगा नदी में विसर्जित की जाएं। परिवार इसी इच्छा के अनुसार धार्मिक विधि-विधान पूरा करना चाहता था, लेकिन अस्थियां गायब होने से उनकी यह इच्छा अधूरी रह गई है।

670 जिंदा ग्रेनेड सेल सहित भारी विस्फोटक बरामद

पोलावरम, 19 नवंबर। माओवादी गतिविधियों के खिलाफ अभियान में पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। आंध्र प्रदेश के रामपाचोडावरम वन क्षेत्र में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। आंध्र प्रदेश



स्पेशल पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीम ने जंगल में तलाशी अभियान चलाकर 670 जिंदा बैरल ग्रेनेड लॉन्चर सेल समेत बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और माओवादी गतिविधियों से संबंधित सामान जब्त किया है.संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को 670 जिंदा BGL सेल मिले। इसके अलावा 42 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 250 ग्राम गनपाउडर, कॉर्डेक्स के 25 टुकड़े और 12 एक्सप्लोसिव रिंग भी बरामद किए गए। बरामदगी में सात जिंदा भरमार कारतूस भी शामिल हैं। माना जा रहा है कि जंगल में छिपाकर रखी गई यह सामग्री माओवादी गतिविधियों से जुड़ी हो सकती है। हालांकि, इसकी वास्तविक भूमिका और इस्तेमाल को लेकर जांच के निष्कर्ष सामने आना बाकी है। सुरक्षाबलों को तलाशी के दौरान 62 एमएम मोर्टार के 16 खाली केस, छह मीटर फ्यूज और चिकित्सा संबंधी सामान भी मिला है। सभी बरामद वस्तुओं को सुरक्षा एजेंसियों ने अपने कब्जे में ले लिया है। यह अभियान आंध्र प्रदेश स्पेशल पुलिस और CRPF के जवानों ने मिलकर चलाया था। रामपाचोडावरम के जंगलों में माओवादी गतिविधियों से जुड़े संभावित ठिकानों की तलाश के दौरान यह बरामदगी हुई। इतनी बड़ी संख्या में जिंदा ग्रेनेड लॉन्चर सेल और अन्य विस्फोटक सामग्री मिलने को सुरक्षाबलों की अहम कामयाबी माना जा रहा है। बरामद सामान के स्रोत, उसके इस्तेमाल और संभावित माओवादी कनेक्शन की जांच की जा रही है।

बिहार से लाया जा रहा 304 क्विंटल धान चिल्फी में जब्त

कवर्धा,19 नवंबर। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सीजन शुरू होते ही अब दूसरे राज्यों से भी अवैध धान परिवहन की गतिविधियां सामने आने लगी हैं। संदिग्ध कोचियों द्वारा बाहरी राज्यों से धान लाकर यहां खपाने की कोशिशों के बीच विभाग ने निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में चिल्फी अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार के कैमूर से छत्तीसगढ़ लाए जा रहे 304 क्विंटल धान को जब्त किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन के नेतृत्व में खाद्य विभाग, मंडी, राजस्व, आबकारी एवं पुलिस चिल्फी की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान धान से लदे ट्रक को पकड़ा ट्रक में 750 बोरी धान भरा हुआ था, जिसकी कुल मात्रा 304 क्विंटल बताई गई है। संयुक्त टीम ने मामले में मंडी अधिनियम के उल्लंघन के तहत धान सहित ट्रक को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार किया है।



इस कार्रवाई में जिला खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और निगरानी की सक्रियता देखने को मिली। धान खरीदी के दौरान दूसरे राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिशें खरीदी व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में संदिग्ध कोचियों और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए विभागीय अमला सक्रिय हो गया है। चिल्फी जैसे अंतर्राज्यीय प्रवेश मार्गों पर निगरानी के जरिए ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है।

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा शुरू करने की तैयारी तेज, डीएम एवं कमिश्नर ने किया ट्रायल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों को सस्ती, सुलभ एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा प्रारंभ की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम भिलाई को कुल 50 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की स्वीकृति मिली है। प्रथम चरण में 20 ई-बसों का संचालन शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए निगम प्रशासन ने विभिन्न मार्गों का रूट चार्ट भी तैयार कर लिया है। ई-बस सेवा शुरू करने की दिशा में नगर निगम भिलाई को ट्रायल के लिए एक इलेक्ट्रिक बस उपलब्ध कराई गई। बस के पहुंचने पर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने इसमें सफर कर संचालन व्यवस्था एवं यात्रा सुविधाओं का अनुभव लिया। ट्रायल के दौरान बस नेहरू नगर चौक, सूर्या मॉल चौक, शंकराचार्य हॉस्पिटल, धमधा रोड, ग्रीन चौक, दुर्ग रेलवे स्टेशन रोड, दुर्ग बस स्टैंड, राजेंद्र प्रसाद चौक, ठगड़ा बांध, पंथी चौक होते हुए रिसाली से भिलाई तक पहुंची। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं नगर निगम आयुक्त सुरुचि सिंह भी दुर्ग बस स्टैंड पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा की संचालन व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ई-बसों का यह ट्रायल सेवा के सुचारू संचालन की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस सेवा के प्रारंभ होने से दुर्ग, भिलाई, रायपुर, रिसाली, भिलाई-चरोदा एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिल सकेगी। विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और आम यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण में कमी लाने के साथ शहरों में स्वच्छ एवं हरित परिवहन व्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। निगम प्रशासन द्वारा तैयार रूट चार्ट के अनुसार आगामी संचालन संबंधी तैयारियां की जा रही हैं। ट्रायल प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्धारित योजना के तहत बसों का नियमित संचालन शुरू किया जाएगा।

बर्नपुर के मजदूरों के संघर्ष से सेल के ठेका श्रमिकों को मिलेगा आर्थिक लाभ

भिलाई, 19 नवंबर। बर्नपुर इस्पात संयंत्र में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध यूनियन के लगातार संघर्ष और आंदोलन के परिणामस्वरूप प्रबंधन ने केंद्रीय वेतन दर लागू कर दी है। इस निर्णय से पूरे सेल के ठेका श्रमिकों को आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों को भी 1 नवंबर से बढ़ी हुई केंद्रीय वेतन दर के अनुसार वेतन भुगतान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ठेका श्रमिकों के हितों को लेकर बर्नपुर भारतीय मजदूर संघ ने लगातार संघर्ष किया। इसी क्रम में 12 नवंबर को विशाल प्रदर्शन किया गया तथा 18 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया गया।



इसके साथ ही केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त के समक्ष परिवाद भी दायर किया गया। भारतीय मजदूर संघ के निरंतर आंदोलन और दबाव के परिणामस्वरूप प्रबंधन को केंद्रीय वेतन दर लागू करनी पड़ी। इस उपलब्धि पर दुर्ग जिला औद्योगिक मजदूर संघ के अध्यक्ष शशि भूषण मोहंती एवं महामंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने बर्नपुर भारतीय मजदूर संघ के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग के अध्यक्ष देवेंद्र चन्द्राकर, जिला मंत्री दामिनी भुवाल एवं समस्त जिला कार्यसमिति ने भी इस सफलता पर बर्नपुर भारतीय मजदूर संघ को बधाई देते हुए आभार जताया है।



युवा मोर्चा अमलेश्वर मंडल की प्रथम मासिक बैठक तर्रा रेस्ट हाउस में संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 19 नवंबर। ग्राम तर्रा स्थित रेस्ट हाउस में भारतीय जनता युवा मोर्चा अमलेश्वर मंडल की प्रथम मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष रवि सिंगौर, मंडल प्रभारी आदेश अय्यर एवं सह प्रभारी राहुल गजभिये प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, शक्तिकेंद्र एवं बूथों को सशक्त करने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर महामंत्री मनीष कौशले, पार्षद राजू सोनकर, उपाध्यक्ष रविकांत कौशिक, दुर्गेश साहू एवं खेमचंद जोशी, मंत्री खूबीराज सोनकर, सह कोषाध्यक्ष कामता सिंगौर, मीडिया प्रभारी छोटू यादव, बूथ अध्यक्ष विकास सिंगौर, कोमल साहू, भूपेश साहू सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

एक नजर

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



भिलाई, 19 नवंबर (तछसं.)। भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र में बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है 13 और 14 नवंबर की दरम्यानी रात हुई चोरी की दो घटनाओं में खुर्सीपार थाने पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने चोरी के सामान और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल सहित करीब 1.50 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि पहली घटना में आरोपियों ने एक बंद मकान की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे इसके बाद अलमारी का ताला तोड़कर 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए इस मामले में खुर्सीपार थाने में प्रकरण दर्ज किया गया वहीं दूसरी घटना में बंद मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, एक लाख रुपए नकद, गैस सिलेंडर, एलईडी टीवी, गैस चूल्हा और इंडक्शन सहित अन्य घरेलू सामान चोरी किया गया था दोनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। लगातार हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए सूचना के आधार पर आरोपी खुर्सीपार एचसीएल कॉलोनी निवासी शेखर गुप्ता (26 साल) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई

रिसाली में हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रिसाली, 19 नवंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम रिसाली में मोर मकान मोर आस (किराएदारी घटक) के तहत 39 हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति से मकान आवंटित किए गए। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं रिसाली महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित आवंटन प्रक्रिया में हितग्राहियों ने स्वयं लॉटरी की पर्ची निकालकर अपने सपनों के आशियाने का चयन किया। योजना के तहत लक्ष्मी नगर रिसाली में 36 यूनिट में से 4 हितग्राहियों तथा प्रदीप्ति नगर रिसाली में 348 यूनिट में से 35 हितग्राहियों को आवास आवंटित किए गए। आवंटन प्रक्रिया की शुरुआत एक वरिष्ठ नागरिक को भूतल का आवास लॉटरी के माध्यम से आवंटित कर की गई। आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सबसे पहले हितग्राहियों को निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद लॉटरी के माध्यम से मकानों का आवंटन किया गया। इस दौरान भावुक और खुशी के माहौल में हितग्राही जानकी निषाद ने अपनी पुत्री मिशा से तथा सीमा धूरा ने अपनी चार वर्षीय पुत्री तृषा से लॉटरी की पर्ची निकलवाई। मकान आवंटित होने पर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य जमुना ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा एवं नोडल अधिकारी अखिलेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



केंद्र सरकार के अधिकारियों ने कचान्दुर एसटीपी का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 19 नवंबर। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के उप सचिव रवि चंद्र एवं प्रोग्राम डायरेक्टर अरुण शर्मा ने कचान्दुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति एवं विभिन्न तकनीकी पहलुओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित इंजीनियरों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के सभी मानकों का पालन करते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि परियोजना को समय पर पूरा करना आवश्यक है, ताकि इसका लाभ निर्धारित समयावधि में नागरिकों को मिल सके।निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम भिलाई के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता अजय गौर, उप अभियंता आशीष भारती, एसएनबी एवं पीएमसी के अभियंताओं सहित सूडा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्व भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी का हुआ स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 19 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं पूर्व संगठन प्रभारी संजय जोशी का भिलाई आगमन हुआ। वे एक निजी आध्यात्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भिलाई पहुंचे थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पावर हाउस, सुपेला चौक एवं नेहरू नगर सहित विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया। संजय जोशी से सौजन्य भेंट एवं मुलाकात कर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों एवं संगठन को मजबूत बनाने के विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश संवाद प्रमुख, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ एवं जनहित संघर्ष समिति सुपेला-भिलाई के संयोजक शारदा प्रसाद गुप्ता, पवन केसवानी, संदीप गुप्ता नगरिया, कन्हैया सोनी, आशीष नीमंजे, मदन सेन, जयप्रकाश घनघोरकर, बंटी नाहर, भागचंद जैन, सुभाष शर्मा, आयुष जैन, नीतू गुप्ता, लीना सिन्हा, ज्योति दीदी, नरेश निर्मल भारती, योगेश यदु, प्रदीप पांडे, कमलेश बघेल एवं राजू साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



565 चालकों का लर्निंग लाइसेंस बना शिविर में

भिलाई, 19 नवंबर। यातायात पुलिस दुर्ग एवं परिवहन विभाग दुर्ग के संयुक्त सहयोग से 05 दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन धमधा थाना में किया गया है शिविर के चौथे दिन आज तक कुल 565 वाहन चालकों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए इस से ग्रामीण अंचल के वाहन चालकों को काफी सुविधा मिली है ।



राज्य स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो टीम का चयन ट्रायल आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 19 नवंबर। बीएसपी खो-खो क्लब, सेक्टर-4 भिलाई में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो टीम के चयन हेतु ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के माध्यम से 15 मुख्य एवं 5 स्टैंडबाय खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित टीम 11 से 22 दिसंबर तक हैदराबाद (तेलंगाना) में प्रस्तावित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगी। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम इस प्रतियोगिता के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल-एसआरयू के मुख्य महाप्रबंधक विशाल शुक्ला तथा अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा ने की। इस अवसर पर संजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद एवं संघ के सचिव तरुण शुक्ला उपस्थित रहे।

रकबा शून्य होने से हजारों किसान धान बेचने से वंचित, सरकार तत्काल समस्या का समाधान करेः अंबिका मरकाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



नगरी/सिहावा, 19 नवंबर। विधायक अंबिका मरकाम ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसानों का पंजीकृत रकबा शून्य प्रदर्शित होने, खसरा अपडेट नहीं होने और डिजिटल क्रॉप सर्वे में सामने आ रही गड़बड़ियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य सरकार से प्रदेशव्यापी जांच कराकर प्रभावित किसानों को तत्काल राहत देने की मांग की है।

विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी किसानों के आर्थिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय है। किसान पूरे साल मेहनत करके अपनी फसल तैयार करते हैं, लेकिन जब धान बेचने का समय आता है तो डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक पंजीयन और राजस्व अभिलेखों में तकनीकी एवं प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण हजारों किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं।प्रदेश के अलग-अलग जिलों से सामने आ रही शिकायतें बताती हैं कि यह समस्या किसी एक जिले तक सीमित नहीं है। बालोद जिले के डौंडी विकासखंड में लगभग 400 किसानों का रकबा अपडेट नहीं होने की जानकारी सामने आई है। राजिम क्षेत्र में 118 किसानों का रकबा अपडेट नहीं होने की शिकायत सामने आई है। इसके अलावा रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार और बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में भी किसानों के रकबे शून्य होने अथवा पोर्टल में प्रदर्शित नहीं होने की समस्याएं सामने आई हैं।विधायक ने कहा कि ये केवल कुछ स्थानों से सामने आए मामले हैं। पूरे प्रदेश में वास्तविक रूप से कितने किसान प्रभावित हैं, इसकी जानकारी सरकार को सार्वजनिक करनी चाहिए। सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें कार्यालयों और समितियों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर न करे।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की बात करती है, लेकिन जिन किसानों का रकबा शून्य हो गया है, वे अपनी उपज बेच ही नहीं पा रहे हैं। ऐसे में किसानों को घोषित समर्थन मूल्य और आर्थिक सहायता का लाभ कैसे मिलेगा?

विधायक अंबिका मरकाम ने राज्य सरकार से निम्न मांगें की हैं–1. पूरे छत्तीसगढ़ में शून्य रकबा एवं रकबा अपडेट नहीं होने वाले किसानों की जिलेवार सूची सार्वजनिक की जाए।2. प्रत्येक जिले में प्रभावित किसानों की वास्तविक संख्या और उनके कुल प्रभावित कृषि रकबे का आंकड़ा जारी किया जाए।3. डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक पंजीयन एवं गिरदावरी में हुई त्रुटियों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।4. प्रभावित किसानों के खेतों का वास्तविक भौतिक सत्यापन कराकर रिकॉर्ड में तत्काल सुधार किया जाए।5. तकनीकी अथवा प्रशासनिक त्रुटियों के कारण कोई भी पात्र किसान धान बेचने से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष व्यवस्था बनाई जाए।6. रकबा सुधार की प्रक्रिया के लिए प्रत्येक तहसील एवं धान खरीदी केंद्र में विशेष सहायता शिविर लगाए जाएं। 7. प्रभावित किसानों को धान बेचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय दिया जाए।8. इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि किसानों की समस्या को केवल तकनीकी गड़बड़ी बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वास्तविक खेती करने वाले प्रत्येक किसान का पंजीकृत रकबा सही हो और उसे अपनी मेहनत की उपज बेचने का पूरा अवसर मिले।उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। प्रदेश के किसानों को अपनी ही जमीन और अपनी ही फसल का रिकॉर्ड दुरुस्त कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। सरकार तत्काल प्रदेशव्यापी आंकड़े जारी करे और प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करे। किसानों के अधिकारों और उनकी उपज के उचित मूल्य के लिए इस मुद्दे को विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।महत्वपूर्ण तथ्य:- 400 और 118 किसानों के आंकड़े संबंधित क्षेत्रों की समाचार रिपोर्टों में बताए गए हैं, इन्हें प्रदेश का कुल आंकड़ा नहीं माना गया है। प्रदेशव्यापी कुल संख्या मिलने पर विज्ञप्ति में उसे जोड़ा जा सकता है।



जुनवानी के शीतला तालाब में चला विशेष सफाई अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 19 नवंबर। नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी स्थित शीतला तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाकर जलकुंभी एवं अनावश्यक रूप से उगे खरपतवार को हटाया जा रहा है। मशीनों एवं सफाई कर्मचारियों की सहायता से तालाब की सतह पर फैली जलकुंभी और किनारों पर उगे खरपतवार की सफाई की जा रही है। लंबे समय तक तालाबों में जलकुंभी और खरपतवार जमा रहने से पानी की स्वच्छता प्रभावित होती है। इससे जल प्रदूषण बढ़ने के साथ जलीय पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न तालाबों की नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शीतला तालाब में भी सफाई कार्य को प्राथमिकता देते हुए जलकुंभी एवं अन्य अवांछित वनस्पतियों को हटाया जा रहा है, ताकि तालाब का प्राकृतिक स्वरूप बना रहे और जल स्रोत स्वच्छ रहें।

हत्या का मामले में अदालत ने चार लोगों को सुनाई सजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 19 नवंबर। पुरानी रंजिश को लेकर रास्ता रोक कर व्यक्ति की हत्या कर देने वाले चार आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग शेख अशरफ की कोर्ट ने आरोपी अक्षत दुबे उर्फ मान्या ;23 वर्षद्ध निवासी कादंबरी नगरए शुभम शर्मा ;25 वरद्ध निवासी आदित्य नगरए वंश राजपूत ;19 साल द्ध निवासी मां चंडिका अस्पताल के पास दुर्गए अमिताभ उर्फ चंदू ;19 वर्षद्ध निवासी हरि नगर दुर्ग को धारा 341 सह पठित धारा 34ए 120 बीए 302 के तहत आजीवन कारावास एवं एक.एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं इसमें शामिल आरोपी अजय दुबे को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त करार दिया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज बेलचंदन ने पैरवी की थी पंकज बेलचंदन ने बताया कि 21 मई 2024 की रात 7ण्30 बजे श्री राम यादव उर्फमंत्री यादव निवासी पचरी पारा कुआं चौक अपने साथी के साथ शराब लेने के लिए नयापारा देसी शराब दुकान गया हुआ था। वापस आते समय रात लगभग 8ण्15 बजे गंजपारा नाका चौक के पास पहुंचा था ।

करोड़ों रुपए के टैक्स चोरी का होगा भंडाफोड़, लंबे समय से चल था खेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ के व्यावसायिक गलियारों में इस वक्त कोहराम मचा हुआ है! आयकर विभाग ने दीपावली के बाद बुधवार की सुबह दबिश डाल कर बड़ा धमाका कर दिया आयकर विभाग में कर चोरी को लेकर लंबे समय से खामोशी छाई हुई थी जिसके कारण टैक्स चोर खुल कर सरकार को चुना लगा रहा थे जिसमें सबसे बड़ा नाम रायगढ़ के लोहा व्यापारी कमल सरिया के रायगढ़ इस्पात व बर्बरिक ग्रुप% का हे दोनों मिलकर एक साथ काम कर रहे हैं आज इन्हीं उद्योगों पर आयकर विभाग ने सर्जिकल स्ट्राइक की ओर सुबह 5 बजे से इन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के कई ठिकानों पर जांच चल रही है अल सुबह 10 से 15 आयकर अधिकारियों की टीम ने छापा मारा ।

आयकर विभाग ने इस रेड को पूरी फिल्मी और बेहद आक्रामक शैली में अंजाम दिया है। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे ही 12 से 15 आयकर अधिकारियों की अलग-अलग विशेष टीमों ने रायगढ़ में एक साथ कई ठिकानों पर अचानक धावा बोल दिया। शहर के सब से चर्चित बर्बरिक हाउस समेत 4 प्रमुख ठिकानों पर इस वक्त ताबड़तोड़ जांच और दस्तावेजों की चीर- फाड़ जारी है। सुबह-सुबह हुई इस बड़ी कार्रवाई से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जांच एजेंसियों के मुताबिक,बहुचर्चित कमल सरिया का रायगढ़ इस्पात एम्पायर और बर्बरिक ग्रुप आपस में गहरे रूप से जुड़े हुए हैं दोनों मिल कर विशाल कारोबार का संचालन करते हैं। इन दोनों समूहों के व्यावसायिक रिश्तों की आड़ में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी और वित्तीय गड़बड़ियों की पक्की खबर विभाग के पास थी। इसी पुख्ता इनपुट के आधार पर दोनों समूहों पर एक साथ शिकंजा कसा गया है। इन फर्मों द्वारा लंबे समय से टैक्स चोरी की जा रही थी ।आईटी की आक्रामक टीमें दोनों समूहों की फर्मों के सीक्रेट दस्तावेजों, कमर्शियल एक्टिविटीज और करोड़ों के वित्तीय लेन-देन के कच्चे-पक्के रिकॉर्ड्स को बारीकी से खंगाल रही हैं।

पुलिस ने चिट्टा बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 19 नवंबर। भिलाई और रायपुर क्षेत्र में घूम-घूमकर चिट्टा (हेरोइन) की अवैध बिक्री और सप्लाई करने वाले गिरोह का स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने पर्दाफाश किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 10.30 ग्राम हेरोइन, दो मोबाइल, दो दोपहिया वाहन और बिशी की नकदी रकम सहित 4 लाख 22 हजार 200 रुपए की मशरूका जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि 17 नवंबर को चौकी स्मृतिनगर को सूचना मिली थी कि कोहका स्थित इमली तालाब के पास एक व्यक्ति चिट्टा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी रायपुर पचपेड़ी नाका निवासी मृत्युंजय दुबे (27 साल) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.58 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में मृत्युंजय ने पुलिस को बताया कि वह कृष्णा नगर, सुपेला निवासी विकास पाल (23 साल) से मादक पदार्थ खरीदकर रायपुर क्षेत्र में बेचता था। इसके बाद पुलिस टीम ने स्टील सिटी कॉलोनी में दबिश देकर विकास पाल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 6.72 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि जांच में पता चला कि दोनों आरोपी मुख्य सप्लायर से मादक पदार्थ प्राप्त कर दुर्ग-भिलाई और रायपुर के अलग-अलग इलाकों में घूम-घूमकर इसकी बिक्री करते थे। इस कारोबार के लिए दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल किया जाता था, जबकि मोबाइल के जरिए संपर्क और बिक्री की गतिविधियां संचालित की जाती थी

म्यूल खाताधारण गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 19 नवंबर। म्यूल बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने वाला एक अन्य आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है पूर्व में 01 आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के 18 बैंक खातों का उपयोग देश के विभिन्न राज्यों में हुई ऑनलाइन साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने में किया जाना पाया। इस संबंध में थाना सुपेला में धारा 318(2), 318(3), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है विवेचना के दौरान पुलिस ने संबंधित बैंक खातों की जानकारी प्राप्त कर बैंक स्टाफ के कथन लिए गए। जांच में आरोपी उमेश शर्मा (41 साल) निवासी शांति पारा, कैम्प-01 के बैंक खाते का उपयोग साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने में होना पाया गया पूछताछ में आरोपी ने अपना बैंक खाता अज्ञात व्यक्ति को उपलब्ध कराना तथा उक्त खाते में रकम मंगवाकर नगद प्राप्त करना बताया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है प्रकरण में पूर्व में 01 आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है ।

एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम : ओ.पी. चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 19 नवंबर.वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि युवा शक्ति ही छत्तीसगढ़ और देश के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी आधारशिला है। युवाओं में अनुशासन, एकाग्रता, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। एनसीसी का प्रशिक्षण युवाओं को केवल सैन्य सेवाओं के लिए ही तैयार नहीं करता, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है। ऐसे समय में युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना, उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। वित्त मंत्री श्री चौधरी आज नवा रायपुर के लखौली में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण कैंप में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एनसीसी कैडेटों से संवाद कर उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने तथा अपनी प्रतिभा का उपयोग देश और समाज के विकास में करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों के उत्साह, समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर श्री साई प्रसाद, कर्नल श्री रमेश सहित एनसीसी के अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में कैडेट उपस्थित थे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने एनसीसी प्रशिक्षण संस्थान के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस संस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान




करेगी। उन्होंने कहा कि संस्थान में बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं, आधुनिक संसाधनों और आवश्यक अधोसंरचना के विकास के लिए जो भी जरूरतें होंगी, उनका आकलन कर आगामी बजट में समुचित प्रावधान करने का प्रयास किया जाएगा।

श्री चौधरी ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से संस्थान की आवश्यकताओं का विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि संबंधित विभाग के माध्यम से बजट में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से लखौली का एनसीसी प्रशिक्षण संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकेगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना युवाओं के लिए उत्कृष्ट करियर के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इन सेवाओं में शामिल होकर युवा न केवल अपना भविष्य संवार सकते हैं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को सैन्य जीवन, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना से परिचित कराने का महत्वपूर्ण मंच है। छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक युवाओं को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए आगे आना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

समय आ गया संयम जीवन जीने का :मौलिकप्रभ जी


राजनांदगांव 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि समय आ गया है संयम जीवन जीने का। संयम जीवन में केवल परमात्मा और गुरु ही मन में रहते हैं। सभी कषायों का त्याग करना पड़ता है। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि आज अपने चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि संयम ही जीवन का सार है। संयम जीवन जीने के लिए बहुत सी चीजों का त्याग करना पड़ता है। बाल का मुंडन तो एक बात है,संयम जीवन में काम, क्रोध, लोभ एवं मान का भी मुंडन करना पड़ता है। मन में केवल परमात्मा और गुरु का वास रहता है बाकी सभी संघो का त्याग होता है। धर्म सभा को जैन मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राम जी ने भरत राजगद्दी में बैठे, इसलिए वनवास चुना था। राम जी को मनाने के लिए भरत के साथ माता कैकई भी गई



थी किंतु राम जी नहीं माने और उन्होंने वनवास को ही चुना। वे उनके साथ अयोध्या नहीं लौटे। मुनि श्री ने कहा कि संसार में जितने अच्छे लोग हैं, उतने बुरे लोग भी हैं। हमें ऐसे बुरे लोगों से बचते हुए संयमित और खुशमय जीवन जीना है।

कलेक्टर कर रहे रतजगा और सूखत के गबनकारी कर रहे मजा : कांग्रेस

राजनांदगांव **19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने धान के कटोरा छ ग में अवैध धान परिवहन को पकड़ने कलेक्टर रतजगा कर अवैध धान पकड़ रहे है वहीं सरकार द्वारा धान से संबंधित अपराधों को संरक्षित करने के कारण ख़रीदी के बाद 49 करोड़ 71 लाख 16 हजार के सूखत फर्जीवाड़ा पर कार्यवाही ना होने से साजिशकर्ता आरोपियों के हौसले बुलंद हैं जिससे धान का कटोरा छ ग कलंकित हो रहा है।प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि पिछले सत्र में धान खरीदी के समय सरकार वाहवाही लूटते नहीं थकी लेकिन सुखत के नाम पर राजनांदगांव में 4825 मिट्रिक टन धान राशि 14 करोड़ 95 लाख पचहत्तर हजार रु कवर्धा में 3838 मिट्रिक टन धान राशि 11 करोड़ नवासी लाख अठहतर हजार रु, खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में 3467 मिट्रिक टन धान राशि 10 करोड़ चौहत्तर लाख सतत्तर हजार रु और मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में 3906 मिट्रिक टन धान राशि 12 करोड़ 10 लाख छियासी हजार रु की हेराफेरी जो प्रथम दृष्टया उजागर हुआ अब ये जिले छ ग में प्रवेश के मुख्य जिले है जहाँ से अवैध धान परिवहन के अलावा सूखत फर्जीवाड़ा किया गया उसपर सरकार के संरक्षण के चलते कोई कार्यवाही नहीं हुई और सरकार को करोड़ो रुपये का चुना लगाकर सीधे गबन कर लिये गए है सुखत के प्रमाणित हेराफेरी मामले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई किया जाना चाहिए ताकि धान के तस्कर ,गबनकर्ता और संरक्षणकर्ता को सबक मिल सके।



दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले 6 नाबालिग 12 घंटे में पकड़े गए

राजनांदगांव, 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र में दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले छह विधि से संघर्षरत बालकों को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर पकड़ लिया। बसंतपुर पुलिस और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में नाबालिगों के कब्जे से 1,000 रुपये नकद और चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है। पूछताछ में उन्होंने चार जगहों पर दुकानों के ताले तोड़ने और दो जगह चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर की रात थाना बसंतपुर क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दुकानों के ताले तोड़कर दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। शिकायत मिलने पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 549/26 और 550/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार के दिशा-निर्देश पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में बसंतपुर पुलिस और साइबर टीम ने घटनास्थलों का निरीक्षण किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्धों की तलाश की गई।पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते चोरी की घटनाओं में संलिप्त छह विधि से संघर्षरत बालकों को 12 घंटे के भीतर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने चार स्थानों पर दुकानों के ताले तोड़ने और दो स्थानों पर चोरी करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की 1,000 रुपये नकद राशि और चोरी किया गया सामान बरामद किया गया।पुलिस ने सभी छह बालकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस टीम की रही अहम भूमिकाइस कार्रवाई में थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक भुनेश्वर जायसी सहित थाना बसंतपुर के अन्य स्टाफ और राजनांदगांव साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।राजनांदगांव पुलिस ने दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखें.

संविधान दिवस से पहले आंबेडकर चौक की संविधान प्रतिकृति का होगा कायाकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 19 नवंबर। संविधान दिवस के अवसर पर शहर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चैक स्थित भारतीय संविधान की प्रतिकृति को आकर्षक, स्वच्छ एवं गरिमामय स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम के तकनीकी अधिकारियों तथा बौद्ध कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संविधान की प्रतिकृति स्थल की धुलाई एवं साफ-सफाई, रंग-रोगन, आकर्षक विद्युत सज्जा और स्टील रेलिंग के सौंदर्यीकरण सहित अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव के अध्यक्ष दीपांकर खोबरागड़े अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने संविधान की प्रतिकृति स्थल को स्वच्छ, सुंदर एवं भारतीय



संविधान की गरिमा के अनुरूप विकसित करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रतिकृति केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के मूल्यों का प्रतीक है। इसलिए इसका रखरखाव भी उसी सम्मान और गरिमा के अनुरूप होना चाहिए। महापौर मधुसूदन यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर यह स्थल आकर्षण का केंद्र बनने के साथ-साथ संवैधानिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रेरणास्रोत बन सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खांडे एवं प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्री तिलक राज धुरव उपस्थित थे। इसके साथ ही महापौर ने जी.ई. रोड पर प्रस्तावित संविधान उद्यान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। संविधान दिवस के पूर्व नगर निगम की इस पहल को शहर में संविधान के प्रति सम्मान, बाबा साहेब के विचारों और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 1.44 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन

रायपुर 19 नवंबर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में धान खरीदी महाअभियान सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। किसानों की सुविधा के लिए लागू ऑनलाइन टोकन प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 4 लाख 68 हजार 722 टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से किसानों ने लगभग 24.40 लाख मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त किए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में 18 नवंबर तक प्रदेश के 37 हजार 792 किसानों से 1 लाख 44 हजार 405 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इस अवधि में कुल 38 हजार 139 टोकन पर धान का उपार्जन हुआ है। वहीं, 18 नवंबर को एक ही दिन में 12 हजार 554 टोकन पर 48 हजार 297 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। प्रदेश में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान की खरीदी 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर सुबह पहुंचे बसंतपुर एवं लालबाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 19 नवम्बर। सफाई में गुणात्मक सुधार लाने महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम वार्डो में जाकर वार्डवासियो से अवगत हो सुधार की दिशा मे कार्य करने कर्मचारियो को निर्देशित कर रहे है। वही उनके द्वारा निर्माण कार्यो का जायजा लेने के साथ साथ अन्य समस्या का निराकरण करने भी दिशा निर्देश दिया जा रहा है। इसी कडी में आज महापौर श्री यादव आयुक्त श्री मरकाम के साथ बसंतपुर एवं लाल बाग क्षेत्र में सफाई निरीक्षण कर वार्डवासियो की विकास संबंधी मांग पर कार्य करने अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनिल साहू, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव की विशेष उपस्थिति रही।

महापौर श्री यादव आयुक्त, तहसीलदार श्री नाग व निगम पदाधिकारियो के साथ जोगी नगर पहुच नागरिको से मुलाकात किये। जोगी नगर वासियो के द्वारा पट्टा की मांग पर उन्होंने कहा कि शासन नियमानुसार पट्टा दिया जाता है। सर्वे कर पात्र लोगो को पट्टा वितरण किया जाएगा। उन्होंने तहसीलदार से कहा कि पट्टा वितरण के लिए सर्वे किया जाये। इसी प्रकार कोढी खाना का निरीक्षण कर महापौर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम को उक्त भूमि सौपी गयी है, जिसे खेल परिसर के रूप में विकसित किया जायेगा। विभिन्न खेलो के लिए



मैदान तैयार किया जायेगा ताकि खिलाडियो को इसका लाभ मिल सके। महापौर ने आयुक्त श्री मरकाम से कहा कि मैदान समतलीकरण एवं साफ सफाई के अलावा अन्य आवश्यक कार्य कराया जाए। बसंतपुर में निरीक्षण के दौरान तालाब में रेलिंग लगाने व रोड में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग पर महापौर ने कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे से आवश्यक प्रक्रिया करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य का प्राथमिकता से क्रियान्वयन करना है।

निरीक्षण की कडी में लालबाग क्षेत्र के प्रभात नगर एवं महेन्द्र नगर जाकर महापौर द्वारा वार्डवासियो से साफ सफाई संबंधी चर्चा की गयी। प्रभात नगर में नाला सफाई की मांग पर गैंग लगाकर सफाई कराने प्र. स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को निर्देशित किये। महापौर ने कहा कि वार्ड में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निराकरण करे। महेन्द्र नगर में रोड नाली बनाने की कालोनी वासियो की मांग पर अतिशीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इसी प्रकार उद्यान जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव को उद्यान में रेलिंग, मंच मरम्मत, समुचित प्रकाश सहित पाथवे तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए स्टीमेंट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिको की सुविधा उपलब्ध कराना नगर निगम की मूल जिम्मेदारी है, इसके लिये हर संभव प्रयास किया जाये।

अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर लगातार कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 19 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसान उत्साहपूर्वक अपनी उपज का विक्रय करने पहुंच रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। धान खरीदी के चौथे दिन आज 18 नवम्बर 2026 को जिले के 1274 किसानों से कुल 4 हजार 832.24 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से अब तक चार दिनों में कुल 4160 किसानों से 15 हजार 442.88 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 नवम्बर 2026 को जिले के 122 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए कुल 1343 टोकन जारी किए गए थे। इन टोकनों के माध्यम से 5 हजार 538.10 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत था। जारी टोकनों में से 94.86 प्रतिशत किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर अपना धान विक्रय किया। वहीं 19 नवम्बर 2026 को धान विक्रय के लिए जिले के 121 उपार्जन केन्द्रों में कुल 1425 टोकन जारी किए गए हैं। इन टोकनों के माध्यम से 5 हजार 848.32 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 18 नवम्बर 2026 को जिले में अवैध धान के 5 प्रकरण दर्ज कर कुल 876 कट्टा अर्थात 350 क्विंटल धान जप्त किया गया। मंडी डोंगरगढ़ द्वारा ग्राम ढारा एवं देवकट्टा में 2 प्रकरणों में कुल 90 कट्टा अर्थात 36 क्विंटल धान जप्त किया गया। इसी प्रकार मंडी राजनांदगांव द्वारा ग्राम गठुला एवं भेड़ीकला में 2 पोहा उद्योगों से कुल 386 कट्टा अर्थात 154 क्विंटल धान जप्त किया गया। जांच के दौरान लाइसेंस की तय सीमा से अधिक धान का संग्रहण किए जाने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण जप्ती की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त धान उपार्जन केन्द्र खैरझिटी में एक व्यक्ति द्वारा रबी फसल का धान खपाने का प्रयास किए जाने पर नायब तहसीलदार राजनांदगांव द्वारा कार्रवाई करते हुए 400 कट्टा अर्थात 160 क्विंटल धान जप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में 17 नवम्बर 2026 तक अवैध धान के 13 प्रकरणों में 3039 कट्टा अर्थात 1378 क्विंटल धान जप्त किया गया था। वहीं 18 नवम्बर को 5 नए प्रकरणों में 876 कट्टा अर्थात 350 क्विंटल धान जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में अब तक अवैध धान के कुल 18 प्रकरणों में 3915 कट्टा अर्थात 1728 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है।

रिटायरमेंट के साथ अगली पीढ़ी के लिए भी बना सकेंगे आर्थिक सुरक्षा

रायपुर.आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने रिटायरमेंट के साथ अगली पीढ़ी के लिए आर्थिक सुरक्षा और विरासत तैयार करने के उद्देश्य से 'आईसीआईसीआई लाइफ सिग्नेचर पेंशन प्लान' लॉन्च किया है। इसके तहत ग्राहक मार्केट-लिंक्ड रिटर्न के जरिए रिटायरमेंट फंड बना सकेंगे और जमा कोष का 60 प्रतिशत तक हिस्सा अगली पीढ़ी के लिए छोड़ सकेंगे। प्लान में 90 वर्ष की उम्र तक निवेश, 100 प्रतिशत तक इक्विटी में निवेश और जरूरत के अनुसार आंशिक निकासी की सुविधा है। रिटायरमेंट पर 60 प्रतिशत तक राशि कर-मुक्त निकालने तथा शेष राशि से एन्युटी के जरिए जीवनभर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प भी मिलेगा।

सोशल मीडिया पर प्यार जताना आसान, दिल की बात कहना मुश्किल: प्रणव कुमार

रायपुर। अभिनेता प्रणव कुमार का कहना है कि आज की पीढ़ी सोशल मीडिया पर अपने प्यार और रिश्तों को जाहिर करने में सहज है, लेकिन असल जिंदगी में अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना अब भी मुश्किल है। शेमारूमी की सीरीज 'दिल पड़ोसी' में इन्फ्लुएंसर और शेफ रोनक का किरदार निभा रहे प्रणव ने कहा कि सोशल मीडिया ने भावनाएं दिखाना आसान बनाया है, लेकिन आपसी संवाद को नहीं। उन्होंने बताया कि आज रिश्तों पर सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाओं और लोगों की राय का भी असर पड़ता है। रोनक का किरदार आत्मविश्वास और आधुनिक सोच के साथ रिश्तों को देखने का अलग नजरिया प्रस्तुत करता है। प्रणव के मुताबिक, इस किरदार की खासियत उसकी सहजता और व्यक्तित्व के पीछे छिपी भावनाएं हैं। सीरीज 'दिल पड़ोसी' प्यार, शादी और व्यक्तिगत पसंद से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सामने लाती है। इसका विशेष प्रसारण शेमारू प्रीमियर के तहत केवल शेमारूमी पर हो रहा है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक का राजस्व 3,500 करोड़ रुपए के पार

रायपुर. एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में 875.5 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 8.9 प्रतिशत अधिक है। बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 139 प्रतिशत बढ़कर 28.2 करोड़ रुपए रहा, जबकि एबिट्डा 39.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 124.5 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक का एनुअलाइज्ड राजस्व 3,500 करोड़ रुपए और एबिट्डा करीब 500 करोड़ रुपए हो गया है।बैंक के अनुसार, बचत खातों में मासिक लेनदेन करने वाले ग्राहकों की संख्या 21.1 प्रतिशत बढ़कर 3.1 करोड़ हो गई है। वहीं, जमा राशि 10 प्रतिशत बढ़कर 4,385 करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई।

स्वस्थ एवं सशक्त गांव के निर्माण में पंचायतों की भूमिका अहम, जनप्रतिनिधियों को दिया गया स्वास्थ्य प्रशिक्षण

साल्हेवारा एवं कुम्हरवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण में छह ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

साल्हेवारा,19 नवंबर।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने, जनभागीदारी बढ़ाने तथा पंचायतों को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से विगत दिनों साल्हेवारा एवं कुम्हरवाड़ा में पंचायत प्रतिनिधियों का स्वास्थ्य विषयक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य संवर्धन, जन-जागरूकता और स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से समझाया गया।प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों को



स्वास्थ्य संवर्धन में पंचायतों की भूमिका, ग्रामीण क्षेत्रों का स्वास्थ्य परिदृश्य एवं प्रमुख चुनौतियां, जन-जागरूकता अभियान, ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य कार्ययोजना तैयार करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ पंचायती राज व्यवस्था, छत्तीसगढ़ पेसा अधिनियम 1996 के क्रियान्वयन, पंचायत स्तर पर संचालित शासकीय योजनाओं तथा जन आरोग्य समिति के गठन एवं प्रबंधन के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि गांवों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जनप्रतिनिधि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करने तथा ग्रामीणों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही उपस्थित प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य से संबंधित प्राथमिक एवं आवश्यक जानकारियों से भी अवगत कराया गया।इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत साल्हेवारा, नचनिया, आमगांव, कुम्हरवाड़ा, गेरुखदान एवं बकरकट्टा के पंचायत प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से अमीलाल धुर्वे, धनसिंग उइके, नरेंद्र कुमार निषाद एवं प्रहलाद पंचकपाट उपस्थित रहे। वहीं स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक भागरती पांचे के साथ मितानिन प्रशिक्षिका कृष्णा यादव, दीपिका चौरे, सीमा पंचेश्वर एवं सरोज बाला डड़सेना ने जनप्रतिनिधियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

राजनीतिक उपलब्धि से ज्यादा जवाबदेही का सवाल

तेलंगाना के हैदराबाद में सरकार के सहयोग से कांग्रेस और राहुल गांधी ने दो दिवसीय भारत समिट का आयोजन किया और उसका मकसद बताया कि विश्व की प्रगतिशील ताकतों को एक मंच पर लाना।इससे विश्व की प्रगतिशील ताकतों के एक मंच पर आने की उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी इस मंच के मोदी सरकार व भारत विरोधी रुख की चर्चा हुई है।ऐसा हुआ है तो इसके लिए राहुल गांधी और कांग्रेस दोषी हैं क्योंकि उसने इस समिट में ऐसे लोगों को ही बुलाया जो विदेशों में कट्टर मोदी विरोधी माने जाते हैं।इससे तो देश में कई तरह के सवाल पैदा हो गए हैं।क्या राहुल गांधी को अपनी पार्टी के नेताओं और विपक्षी गठबंधन INDIA के सहयोगियों पर अब भरोसा नहीं रह गया है कि वे उनके साथ मिलकर नरेंद्र मोदी को चुनाव में हरा सकते हैं? क्या कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में ऐसे नेताओं की कमी हो गई है जो भारतीय मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पा रहे और चुनावी राजनीति में जीत नहीं पा रहे हैं?राहुल गांधी को विदेशी राजनीतिक हस्तियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जुड़े लोगों को भारत क्यों बुलाना पड़ा?

इसकी एक वजह तो यह हो सकती है कि अब तक राहुल गांधी विदेशों में जाकर मोदी सरकार व भारत में लोकतंत्र की आलोचना करते थे,विदेशी ताकतों से भारत में हस्तक्षेप की बात करते थे,तब विदेशों से राहुल गांधी को कोई समर्थन नहीं मिला था, अब वह वोट चोरी के मुद्दे पर देश व दुनिया के लोगों को दिखाना चाहते हैं कि देखों विदेश के नेता भी अब मानते हैं कि भारत में वोट चोरी हो रही है। चुनाव जिस तरह होने चाहिए नहीं हो रहे हैं।राहुल गांधी के नेतृत्व के कारण कांग्रेस चुनाव नहीं हार रही है, वोट चोरी होने के कारण कांग्रेस और राहुल गांधी चुनाव हार रहे हैं।यही वजह है कि राहुलगांधी ने विदेशी मेहमानों को बुलाकर उनसे भारत की चुनी हुई सरकार के खिलाफ बयान दिलवाए, भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठवाए गए और राहुल गांधी खुद मंच पर बैठकर इन टिप्पणियों पर तालियां बजाते नजर आए। यह तो भारत की राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने जैसा है?इससे तो यही संदेश जाता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी इतने कमजोर हो गए हैं कि उनको नरेंद्र मोदी सरकार का राजनीतिक विरोध के लिए विदेशी ताकतों के कंधों का सहारा लेना पड़ रहा है? भारत समिट में सबसे ज्यादा चर्चा इटली के जियाकोमो फिलिबेक की रही। वह भी इसलिए की फिलिबेक ने सम्मेलन में राहुल गांधी के समर्थन में भारतीय लोकतंत्र को निशाना बनाया,खुले मंच से नारा लगाया कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़!' उन्होंने भारत में लोकतंत्र पर हमला होने का दावा करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ खड़े होने की अपील भी की। और यह संदेश देने में सफल रहे कि राहुल गांधी को मोदी सरकार के विरोध व वोटचोरी के मामले में विदेश से समर्थन मिल रहा है। लेकिन इससे यह सवाल भी पैदा हो गया है कि क्या भारत की राजनीति में विदेशी नेताओं को इस तरह हस्तक्षेप करने का खुला मंच देना कांग्रेस की नई राजनीतिक रणनीति है?भारत समिट में इक्वाडोर के पूर्व विदेश मंत्री गुइलाउम लॉन्ग, ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष पैट्रिक गैस्पर्ड और एमनेस्टी इंटरनेशनल के पूर्व महासचिव सलील शेट्टी जैसे नामों की मौजूदगी और निमंत्रण को लेकर भी भाजपा को सवाल उठाने का मौका मिला है कि सम्मेलन से जुड़े कुछ लोगों के संबंध जॉर्ज सोरोस समर्थित संस्थाओं और नेटवर्क से रहे हैं।

भारत व मोदी विरोधी लोगों को भारत में बुलाकर उनको मंच देने का मकसद क्या भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष राजनीतिक नैरेटिव तैयार करने की कोशिश है?क्योंकि इसी मंच पर राहुल गांधी ने कहा कि भारत अब लोकतंत्र नहीं रह गया है। उन्होंने मोदी सरकार को सत्ता से हटाने का भरोसा जताया और विदेशी मेहमानों के सामने भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, चुनाव और संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए। देखा जाये तो जब देश का नेता प्रतिपक्ष ही कभी विदेशी धरती से और कभी देसी धरती पर विदेशी प्रतिनिधियों को बुलाकर उनके सामने अपने देश के लोकतंत्र को कठघरे में खड़ा कर रहा हो, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर वह दुनिया को क्या संदेश देना चाहता है?

सीधी सी बात है कि राहुल गांधी जो चाहते थे वह तो मंच से कहा गया लेकिन इससे कांग्रेस को नुकसान यह हुआ है कि राहुल गांधी को भाजपा ने सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। राजनीतिक तौर पर देखें तो कांग्रेस को जितना फायदा नहीं हुआ उसके ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। कांग्रेस ने इस सम्मेलन के जरिए भाजपा को एक बड़ा मुद्दा थमा दिया है। अब चुनावी बहस केवल वोट चोरी के आरोपों तक नहीं रहेगी, बल्कि विदेशी राजनीतिक हस्तियों की भूमिका, उनके संस्थागत संबंधों और राहुल गांधी की राजनीतिक स्वीकार्यता पर भी सवाल उठेंगे।सवाल यह भी उठता है भारत का प्रधानमंत्री कौन बनेगा, इसका फैसला भारत के मतदाता करेंगे या विदेशी राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि? क्या विदेशी नेताओं से अपने राजनीतिक नार लगवाकर कांग्रेस भारतीय जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता बढ़ा लेगी? सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विदेशी मेहमान भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाएं, तब क्या लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की क्या जिम्मेदारी होती है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाई?,सच तो यह है कि हैदराबाद का यह सम्मेलन कांग्रेस के लिए राजनीतिक उपलब्धि से ज्यादा राजनीतिक जवाबदेही का सवाल बन गया है।

विश्लेषण

आसियान मंचः भारत का दबदबा, मोदी की कूटनीतिक गूंज

ललित गर्ग

किसी देश का वैश्विक प्रभाव केवल उसकी आर्थिक शक्ति, सैन्य क्षमता या जनसंख्या से तय नहीं होता, बल्कि इस बात से भी तय होता है कि विश्व की महत्वपूर्ण शक्तियाँ उसकी बात को कितनी गंभीरता से



सुनती हैं। आज भारत इसी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया के 11 देशों के संगठन आसियान का भारत सदस्य नहीं है, फिर भी उसके सर्वोच्च सम्मेलनों में भारत की उपस्थिति जिस सम्मान और अपेक्षा के साथ होती है, वह भारत की बदलती वैश्विक भूमिका का महत्वपूर्ण संकेत है। हाल ही में फिलीपींस की राजधानी मनीला में हुए 23वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय भागीदारी ने इस बदलती तस्वीर को और स्पष्ट किया है। यह दृश्य अपने आप में महत्वपूर्ण है कि भारत आसियान का सदस्य नहीं है, लेकिन आसियान की भविष्य-चर्चा में भारत को अलग रखकर क्षेत्रीय समीकरणों की कल्पना करना कठिन होता जा रहा है। यही भारत की कूटनीतिक यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। 1991 की 'लुक ईस्ट' नीति से शुरू हुई यात्रा 2014 में 'एक्ट ईस्ट' नीति और अब व्यापक हिंद-प्रशांत दृष्टि तक पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं आसियान को भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के केंद्र में बताया है। आसियान केवल भौगोलिक समूह नहीं है। यह आर्थिक शक्ति, समुद्री मार्गों, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और हिंद-प्रशांत की रणनीतिक राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र है। इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम, फिलीपींस, ब्रुनेई, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार और तिमोर-लेस्ते जैसे देश भारत के लिए व्यापार, निवेश, समुद्री सुरक्षा, तकनीक और सांस्कृतिक संपर्क की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मनीला में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत और आसियान को प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग को आधार बनाकर शांति, स्थिरता और विकास का वातावरण तैयार करना चाहिए। उन्होंने मुक्त, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और आसियान की एकता तथा केंद्रीयता को भारत के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह केवल कूटनीतिक भाषा नहीं है। इसके पीछे भारत की दीर्घकालीन रणनीति है-ऐसा हिंद-प्रशांत जिसमें किसी एक शक्ति का वर्चस्व न हो, छोटे देशों को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति चलाने की जगह मिले और समुद्री मार्ग खुले रहें।प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का एक विशिष्ट पक्ष यह है कि उन्होंने भारत को केवल 'बड़ा बाजार' या 'उभरती अर्थव्यवस्था' के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय एक विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। मनीला में इसका प्रमाण अनेक द्विपक्षीय मुलाकातों में दिखाई दिया। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ मोदी ने रक्षा, अंतरिक्ष, रेल, वित्तीय तकनीक तथा व्यापार और निवेश में सहयोग की प्रगति पर चर्चा की। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ डिजिटल क्षेत्र, कौशल, संपर्क, स्वास्थ्य, रक्षा-सुरक्षा और आर्थिक सहयोग की समीक्षा हुई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नवीराकुल के साथ व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, संपर्क, डिजिटल तकनीक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने पर विचार हुआ। मोदी की विदेश नीति का संदेश साफ है-भारत संबंधों का केवल दर्शक नहीं, बल्कि संबंधों की नई संरचना का सक्रिय निर्माता बनना चाहता है। इस पूरी यात्रा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की राजनीतिक दृष्टि को वैश्विक कूटनीतिक संवाद में ठोस स्वरूप देने में जयशंकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे केवल विदेश मंत्रालय के प्रशासक नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था को समझने वाले रणनीतिक चिंतक के रूप में भारत की विदेश नीति का प्रभावी चेहरा बने हैं। भारत की विदेश नीति में आज एक साथ अमेरिका, रूस, यूरोप, पश्चिम एशिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया और आसियान देशों के साथ संबंधों को संतुलित रखने की क्षमता दिखाई देती है। यह संतुलन किसी एक खेमे में जाने के बजाय भारत के राष्ट्रीय हितों के आधार पर संबंधों को आकार देने की नीति को दर्शाता है। जयशंकर की कूटनीति का मूल संदेश भी यही रहा है कि भारत किसी शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपने हितों और अपनी सभ्यतागत दृष्टि के आधार पर विश्व से संबंध बनाएगा। प्रधानमंत्री की राजनीतिक सक्रियता और विदेश मंत्री की रणनीतिक कूटनीति का यह संयोजन भारत की विदेश नीति को अधिक प्रभावशाली बना रहा है।मनीला सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति ने भी इस यात्रा को विशेष महत्व दिया। 17 नवंबर को मनीला में पहली बार क्वाड नेताओं का शिखर-स्तरीय संवाद हुआ, जिसमें मोदी, ट्रंप, जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची साने और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शामिल हुए। इस घटनाक्रम का संदेश बहुत व्यापक है। भारत एक ओर आसियान के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है, दूसरी ओर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड के माध्यम से हिंद-प्रशांत की रणनीतिक संरचना को भी मजबूत कर रहा है। इसका अर्थ किसी देश के विरुद्ध मोर्चेबंदी नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, आपूर्ति श्रृंखलाओं, महत्वपूर्ण खनिजों, समुद्री सुरक्षा और तकनीकी सहयोग में साझेदारी को बढ़ाना है। यहां मोदी की विदेश नीति का एक नया आयाम दिखाई देता है-भारत अब शक्ति-संतुलन का निष्क्रिय हिस्सा नहीं, बल्कि शक्ति-संतुलन को प्रभावित करने वाला केंद्र बनना चाहता है।

आसियान देशों के लिए चीन एक बड़ा आर्थिक साझेदार है, लेकिन उसके साथ समुद्री और रणनीतिक विवाद भी हैं। दक्षिण चीन सागर में तनाव, आर्थिक निर्भरता और क्षेत्रीय प्रभाव की प्रतिस्पर्धा के बीच आसियान देश किसी एक शक्ति पर अत्यधिक निर्भर नहीं रहना चाहते। यही भारत के लिए बड़ा अवसर है। भारत को चीन का विकल्प बनने की जल्दबाजी करने के बजाय विश्वसनीय विकल्प बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए व्यापार घाटे को कम करना, भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाना, आपूर्ति श्रृंखलाओं में भागीदारी बढ़ाना, निवेश को प्रोत्साहित करना और भारत-आसियान संपर्क परियोजनाओं को तेजी देना आवश्यक है। मनीला में घोषित समुद्री सहयोग योजना, साइबर प्रशिक्षण, अंतरिक्ष सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा, युवाओं और स्टार्ट-अप सहयोग तथा नालंदा में आसियान देशों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति जैसी पहलें इसी नई दिशा की ओर संकेत करती हैं।

भारत-आसियान संबंधों की सबसे बड़ी चुनौती व्यापार असंतुलन है। केवल आयात बढ़ाना या बाजार खोलना पर्याप्त नहीं होगा। भारतीय उद्योग को आसियान के बाजारों में अधिक आक्रामक, गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धी उपस्थिति बनानी होगी। मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा भी इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत की ताकत केवल अर्थव्यवस्था नहीं, उसकी संस्कृति भी है। रामायण की परंपरा से लेकर बौद्ध दर्शन, भारतीय भाषाओं, योग, आयुर्वेद और समुद्री व्यापार की प्राचीन स्मृतियों तक भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच सदियों पुराना संबंध है। आज आवश्यकता इस सभ्यतागत पूंजी को आधुनिक आर्थिक और तकनीकी साझेदारी से जोड़ने की है। मनीला सम्मेलन की सबसे बड़ी सीख यह है कि भारत को आसियान को केवल विदेश नीति की एक इकाई के रूप में नहीं देखना चाहिए। इसे भारत के आर्थिक, सामरिक और सभ्यतागत पुनर्संपर्क का द्वार बनाना चाहिए। यदि भारत व्यापार, तकनीक, समुद्री सुरक्षा और संपर्क के साथ संस्कृति, शिक्षा और युवाओं को जोड़ देता है, तो आसियान भारत के लिए केवल एक बाजार नहीं रहेगा, वह भारत के हिंद-प्रशांत भविष्य का स्वाभाविक साझेदार बन सकता है। आज प्रधानमंत्री मोदी जिस आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंचों पर भारत की बात रखते हैं, उसके पीछे वर्षों की कूटनीतिक मेहनत, संस्थागत तैयारी और विदेश मंत्रालय की निरंतर सक्रियता है। आसियान में भारत की स्वीकार्यता इस बात का प्रमाण है कि भारत की आवाज अब केवल सुनी नहीं जाती, बल्कि उस पर ध्यान भी दिया जाता है। भारत की विदेश नीति का अगला लक्ष्य केवल विश्व में भारत की उपस्थिति दर्ज कराना नहीं होना चाहिए, लक्ष्य यह होना चाहिए कि विश्व की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के निर्माण में भारत की निर्णायक भूमिका हो। आसियान का मनीला मंच इसी बदलते भारत की तस्वीर सामने रखता है-भारत अब दुनिया के दरवाजे पर दस्तक देने वाला देश नहीं रहा, वह ऐसी शक्ति बन रहा है जिसके साथ दुनिया अपने भविष्य की रणनीति पर विचार करना चाहती है। यही मोदी युग की विदेश नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले भारत की सबसे बड़ी संभावना है।

राशिफल

मेष राशिः आज आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है। पुराने कर्ज का बोझ कम होगा और शेयर बाजार से अचानक लाभ मिलने के संकेत हैं। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। कामकाज की व्यस्तता के बीच जरूरी कार्यों की प्राथमिकता तय करें। अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा न करें। निरंतर मेहनत से सफलता मिलेगी।

वृषभ राशिः आज महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान केंद्रित करना लाभकारी रहेगा। यात्रा के दौरान कोई उपयोगी जानकारी मिल सकती है। सरकारी विभाग में अटका काम आगे बढ़ने की संभावना है। घर की सजावट या मरम्मत की योजना बन सकती है। संतान की ओर से अच्छी खबर मिलेगी। कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी।

मिथुन राशिः नए काम शुरू करने और योजनाओं को आगे बढ़ाने का उत्साह रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। कारोबार से जुड़े प्रस्ताव पर पिता से महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। उनकी सलाह उपयोगी रहेगी। जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा या शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी खबर मिल सकती है।

कर्क राशिः लंबे समय से प्रतीक्षित अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को उम्मीद की नई किरण दिखाई दे सकती है। मनोरंजन में जरूरी कामों को नजरअंदाज न करें। विरोधियों की गतिविधियों और निजी बातों को साझा करने में सावधानी बरतें।

सिंह राशिः मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। दूर रहने वाले रिश्तेदार से मुलाकात या यात्रा की योजना बनेगी। निर्णय लेने की क्षमता से उलझे काम सुलझेंगे। कार्यक्षेत्र में सूझबूझ का लाभ मिलेगा। किसी सहयोगी की बात बुरी लग सकती है, लेकिन तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। रिश्तों में प्रेम और अपनापन बनाए रखें।

कन्या राशिः संपत्ति से जुड़े मामले में अच्छी खबर मिल सकती है। अटकी हुई व्यावसायिक डील आगे बढ़ने के संकेत हैं। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और घर में मांगलिक आयोजन की तैयारी हो सकती है। पुराने कर्ज से मुक्ति के लिए ठोस कदम उठाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

तुला राशिः आज नए अवसर मिल सकते हैं। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में लाभकारी साबित हो सकती है। बैंक ऋण या वित्तीय सहायता से जुड़ा काम आगे बढ़ेगा। आर्थिक समझौते की शर्तें अच्छी तरह समझ लें। माता की जिम्मेदारी समय पर पूरी करें। बच्चों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी।

वृश्चिक राशिः नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। संपर्कों का दायरा बढ़ेगा और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की सराहना कर सकते हैं। खानपान में संतुलन रखें। महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने से पहले विचार करें। कार्य संबंधी यात्रा का योग भी बन सकता है।

धनु राशिः दिन में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकते हैं। परिवार के किसी विषय पर मां से बातचीत होगी और उनकी सलाह उपयोगी रहेगी। पैतृक संपत्ति का मामला चिंता बढ़ा सकता है। पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कारोबार में नई साझेदारी के अवसर मिल सकते हैं, लेकिन समझौते की शर्तें स्पष्ट रखें।

मकर राशिः राजनीति और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को कोई महत्वपूर्ण अवसर मिल सकता है। प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में नए रास्ते खोल सकती है। जीवनसाथी के साथ खरीदारी या बाहर जाने की योजना बनेगी। बजट से अधिक खर्च न करें। विरोधियों से सतर्क रहें और अपनी योजनाएं गोपनीय रखें।

कुंभ राशिः पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। कारोबार में किए गए बदलाव सकारात्मक परिणाम दे सकते हैं। जीवनसाथी की पदोन्नति या करियर में प्रगति से परिवार में खुशी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। घर में धार्मिक आयोजन और रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

मीन राशिः नया वाहन खरीदने की योजना बन सकती है। बड़ा आर्थिक फैसला लेने से पहले बजट और भविष्य की जिम्मेदारियों का आकलन करें। कार्यक्षेत्र में सफलता के लिए निरंतर मेहनत जरूरी होगी। विद्यार्थियों को गुरुजनों की सलाह से लाभ मिलेगा। संतान की संगति पर ध्यान दें और फिलहाल उधार लेने से बचें।

राजनीति

बीजेपी का अखिलेश से बेहतर योगी वाला नैरेटिव

अजय कुमार,

उत्तर प्रदेश की राजनीति में अगले वर्ष की शुरुआत के विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच सीधा मुकाबला और तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी इस चुनावी जंग को 'अखिलेश से बेहतर योगी' के नैरेटिव पर ले जाने की तैयारी कर रही है, जहां एक तरफ योगी सरकार के कामकाज और कड़क प्रशासनिक छवि को रखा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ पूर्ववर्ती सपा सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों और विभिन्न दलों के बयानों के आधार पर देखें तो यह लड़ाई दो बिल्कुल अलग कार्यशैलियों, विचारधाराओं और राजनीतिक रणनीतियों का टकराव बन गई है। भाजपा और योगी समर्थकों का मानना है कि आमने-सामने की इस सियासी लड़ाई में योगी आदित्यनाथ के पास अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए कामकाज की एक लंबी फेहरिस्त है। योगी सरकार के समर्थक एक्सप्रेसवे नेटवर्क के विस्तार, नए हवाई अड्डों, निवेश सम्मेलनों और अयोध्या व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे सांस्कृतिक व बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों को अपनी बड़ी सफलता के रूप में पेश करते हैं। इसके विपरीत, भाजपा नेताओं का आरोप है कि विकास के मोर्चे पर अखिलेश यादव सरकार का रिकॉर्ड सीमित रहा और वे केवल आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे या लखनऊ मेट्रो जैसे कुछ चुनिंदा प्रोजेक्ट्स का ही जिक्र कर पाते हैं। हालांकि, समाजवादी पार्टी के समर्थक और स्वयं अखिलेश यादव इस दावे को खारिज करते हैं। उनका कहना है कि उनके शासनकाल में शुरू की गई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, डायल-100 पुलिस सेवा और लैपटॉप वितरण जैसी योजनाओं ने ही आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव रखी थी।



कानून-व्यवस्था और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा इस पूरी राजनीतिक बहस के केंद्र में है। भाजपा की ओर से यह आरोप लगातार लगाया जाता रहा है कि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश यादव के शासनकाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी, सपा नेताओं की गुंडागर्दी और जमीनों पर अवैध कब्जों की घटनाओं ने आम जनता को परेशान किया था और माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। आलोचकों के अनुसार, यह छवि आज भी अखिलेश यादव का पीछा नहीं छोड़ रही है। इसके ठीक विपरीत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'माफिया को मिट्टी में मिलाने' और भू-माफियाओं पर शिकंजा कसने की नीति को अपनी सरकार की सबसे बड़ी पहचान बनाया है। माफियाओं की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ने योगी की छवि एक सख्त और निर्णायक प्रशासक की बनाई है, जिसे भाजपा 'सुरक्षा और सुशासन' के मॉडल के रूप में प्रचारित



करती है। दूसरी ओर, अखिलेश यादव और विपक्षी दल बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे असंवैधानिक बताते हैं और वर्तमान सरकार पर दलितों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार तथा फर्जी मुठभेड़ों के आरोप लगाते हैं। धार्मिक और सामाजिक समीकरणों के मोर्चे पर भी दोनों नेताओं की रणनीतियां स्पष्ट रूप से बंटी हुई दिखाई देती हैं। भाजपा और उसके समर्थक अखिलेश यादव पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हैं। उनका कहना है कि सपा की राजनीति एक विशेष वर्ग के वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती है और अल्पसंख्यकों के सही-गलत हर कदम पर आंखें मूंद लेने की प्रवृत्ति ने बहुसंख्यक समाज में नाराजगी पैदा की है। इसके अलावा, राम मंदिर निर्माण के दौरान चंदा चोरी जैसे आरोपों को लेकर भाजपा समर्थक सपा पर हिंदू आस्था और धर्म को बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप मढ़ते हैं। भाजपा का मानना है कि हिंदू वोटों को जातियों में बांटने के लिए ही अखिलेश यादव ने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नारा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर तीखा हमला बोलते हुए पीडीए को 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' तक करार दिया है और आरोप लगाया है कि सपा की राजनीति केवल एक परिवार के विकास तक सीमित रही है।

हालांकि, अखिलेश यादव की इस पीडीए रणनीति को राजनीतिक गलियारों में एक सोची-समझी काट के रूप में भी देखा जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में 37 सीटें जीतने के बाद सपा खेमे का उत्साह बढ़ा है और वह इसे अपने सामाजिक न्याय के फॉर्मूले की जीत मानता है। अखिलेश यादव का तर्क है कि भाजपा की '80 बनाम 20' की राजनीति अब '95 बनाम 5' में बदल चुकी है, जहां 95 प्रतिशत पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग अपने अधिकारों और आरक्षण की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं। वे योगी सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली जैसे बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदुत्व का सहारा लेने का आरोप लगाते हैं। वहीं, योगी आदित्यनाथ के समर्थक मानते हैं कि हिंदुत्व और विकास का उनका एजेंडा जातिगत राजनीति से कहीं ऊपर है। भाजपा का दावा है कि मुफ्त राशन, आवास योजना और स्वास्थ्य बीमा जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के समाज के हर वर्ग को मिला है, जिससे जातीय ध्रुवीकरण की राजनीति कमजोर पड़ी है।

योगी की कड़क प्रशासनिक शैली, धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार और निवेश आकर्षित करने की नीतियों के सामने भाजपा समर्थक अखिलेश यादव को काफी पीछे मानते हैं। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश की राजनीति आज दो स्पष्ट ध्रुवों पर खड़ी नजर आती है। एक तरफ योगी आदित्यनाथ का राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सख्त कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास का दावा है, तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव का सामाजिक न्याय, पीडीए गठबंधन और सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने का अभियान है। आने वाले समय में जनता किसके दावों पर भरोसा करती है, यही तय करेगा कि लखनऊ की सत्ता की चाबी किसके हाथ में रहेगी।

यमुना का मुफ्त स्विट्जरलैंड (व्यंग्य)

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह किसी भी त्रासदी को उत्सव में और किसी भी जहर को अमृत में बदलने की अद्भुत बौद्धिक क्षमता रखता है। दुनिया भर के पर्यावरणविद जिस दृश्य को देखकर अपना सिर पीट रहे थे, हमारी आस्था की दिव्य दृष्टि ने उसमें साक्षात बैकुंठ के दर्शन कर लिए। दिल्ली की यमुना नदी में छठ महापर्व के अवसर पर तैरता हुआ वह विशाल, घना और श्वेत झाग कोई साधारण रासायनिक कचरा नहीं था। वह तो हमारे नगर निगम और औद्योगिक विकास की संयुक्त साधना का वह उज्ज्वल परिणाम था, जिसने धरती पर ही बादलों का लोक रच दिया था। जब श्रद्धालु कमर तक उस धवल झाग में उतरकर सूर्यदेव को अर्घ्य दे रहे थे, तब ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वे किसी प्रदूषित नदी में नहीं, बल्कि इंद्रलोक के मखमली बादलों के बीच खड़े होकर तपस्या कर रहे हों। साधारण बुद्धि वाले लोग इसे अमोनिया और फास्फेट का जानलेवा मिश्रण कहते हैं। वे बेचारे यथार्थ के कीचड़ में फंसे हुए प्राणी हैं। वे नहीं जानते कि जब विज्ञान अपनी चरम सीमा पर पहुंचता है, तो वह अध्यात्म का रूप ले लेता है। नालों के माध्यम से प्रवाहित होने वाले डिटर्जेंट और कारखानों के रसायनों ने मिलकर जो कलाकृति यमुना की सतह पर उकेरी थी, वैसी कल्पना तो स्वयं विश्वकर्मा भी नहीं कर सकते थे। एक दार्शनिक ने कहा था कि सत्य देखने वाले की आंखों में होता है। यदि आपकी आंखों पर विकास का चश्मा चढ़ा है, तो आपको इस झाग में प्रदूषण नहीं, बल्कि स्विट्जरलैंड की बर्फबारी दिखाई देगी। दिल्ली के नागरिकों को शिमला या मनाली जाने की क्या आवश्यकता है, जब स्वयं यमुना मैया उनके द्वार पर हिमालय के ग्लेशियर बहाकर ला रही हैं। कमर तक बर्फ जैसे सफेद फेन में खड़े होकर सूर्योपासना करने का यह सौभाग्य केवल राजधानी के निवासियों को ही प्राप्त हो सकता है। यह हमारे प्रशासनिक कौशल की पराकाष्ठा है कि बिना किसी अतिरिक्त बजट के नागरिकों को स्वर्ग जैसा अलौकिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है। इस दृश्य की भव्यता को समझने के लिए हमें अपनी संकीर्ण वैज्ञानिक सोच का त्याग करना होगा। जो लोग इसे गंदगी कहते हैं, वे दरअसल इस झाग के पीछे छिपे हुए गहन दर्शन को समझने में असमर्थ हैं। जीवन क्या है? जीवन भी तो पानी के बुलबुले और झाग के समान ही क्षणभंगुर है। यमुना का यह झाग हमें प्रतिपल इसी नश्वरता का बोध कराता है। जब भक्त हाथ में नारियल और सूप लेकर इस सफेद समंदर के बीच खड़े होते हैं, तो वे संसार के समस्त विकारों से ऊपर उठ जाते हैं। उन्हें न त्वचा के रोगों की चिंता रहती है और न ही फेफड़ों में जाने वाले जहरीले तत्वों का भय। आस्था की शक्ति इतनी प्रबल होती है कि वह रासायनिक तत्वों के गुणधर्म को भी बदल देती है। विज्ञान की प्रयोगशाला में जो तत्व घातक सिद्ध होते हैं, घाट पर पहुंचते ही वे चरणामृत की महिमा प्राप्त कर लेते हैं। हमारी व्यवस्था की महानता देखिए कि उसने प्रकृति के नियमों को भी संशोधित कर दिया है। प्राचीन काल में नदियां केवल जल बहाया करती थीं। जल कितना नीरस और पारदर्शी होता है! उसमें न कोई रहस्य है, न कोई रोमांच। किंतु आधुनिक युग की यमुना ने इस एकरसता को तोड़ दिया है। अब वह जल नहीं, बल्कि रहस्यमय श्वेत मेघों का प्रवाह बन गई है। इस झाग के नीचे क्या है, यह कोई नहीं जानता। यह अज्ञात का आकर्षण ही तो अध्यात्म की पहली सी

दोषियों के खिलाफ दर्ज हो अपराध:शोरी

नरहरपुर में 80 लाख का टेंडर घोटाला,कांग्रेस ने नगरीय प्रशासन मंत्री साव का पुतला फूंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 19 नवंबर। नगर पालिका कांकेर के साथ नगर पंचायत नरहरपुर में फर्जी ई-मेल और यूजर आईडी से टेंडर घोटाले से खफा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का पुतला दहन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहीदास शोरी ने कहा, भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। नरहरपुर में टेंडर घोटाले किए जा रहे हैं। फर्जी ई-मेल और यूजर आईडी का उपयोग करने वालों के खिलाफ अभी तक अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

नरहरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम ने कहा, नगर पंचायत के पदाधिकारियों के बिना सूचना फर्जी टेंडर कराया जा रहा है। फर्जी ढंग से टेंडर लेने वालों और टेंडर जारी करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज होना चाहिए। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल ने कहा, भाजपा सरकार में हर तरफ भ्रष्टाचार हो रहा



है। नगर पालिका परिषद से बिना अनुमोदन गलत ढंग से टेंडर कराया जा रहा है। ऐसे दोषी भ्रष्ट अधिकारियों और फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज होना चाहिए। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भोपेश नेताम ने कहा, भाजपा सरकार में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। चहेते लोगों को काम देने के लिए फर्जी आईडी का उपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद प्रथम चरण की जांच में प्रमाणित हो गया है कि नरहरपुर में 80 लाख के टेंडर में फर्जीवाड़ा हुआ है। नगर पंचायत अधिकारी ने लिखित में स्वीकार भी किया है। टेकेश्वर सिंहा महामंत्री, योगेश राजपूत, आरएल सोनबेर ने कहा, अभी टीनाशेड घोटाले का मामला सही ढंग से उजागर ही नहीं हुआ था कि नगर पालिका कांकेर और नगर पंचायत नरहरपुर में टेंडर घोटाला हो गया। कांग्रेस के विरोध के बाद नगर पालिका कांकेर अधिकारी और नगर पंचायत नरहरपुर अधिकारी ने लिखित में पत्र भी जारी कर दिया है। पत्र में साफ-साफ लिखा गया है कि नगर पालिका कांकेर में 6 कार्यों के लिए 40 लाख का टेंडर और नरहरपुर में 14 कार्यों के लिए 80 लाख का टेंडर विभागीय वेबसाइड पर 15 अक्टूबर और 16 अक्टूबर को फर्जी ढंग से अपलोड किया गया था। इसी तरह से नगर पालिका कांकेर में 3 मार्च को 60 लाख का और 12 मार्च को नरहरपुर में करीब डेढ़ करोड़ का मैनुअल टेंडर घोटाला किया गया। सभी कार्यों की जांच होनी चाहिए। ऐसे भ्रष्टाचार करने वाले फर्म संचालक से लेकर अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ अपराध दर्ज होना चाहिए। इस दौरान शेख इमरान, मृत्युंजय साहू, लोकेश विश्वकर्मा, राजा समीर खान, विशाल ठाकुर, राकेश विश्वकर्मा, तरुण पटेल, हीरा खान, राकेश कुमार, नवदीप आदि उपस्थित थे।



नरहरपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहीदास शोरी ने कहा, नगर पालिका कांकेर और नगर पंचायत नरहरपुर द्वारा अभी तक फर्जी ई मेल आईडी और यूजर आईडी का उपयोग कर टेंडर अपलोड करने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं कराया गया है। इसके पूर्व कांकेर में कांग्रेस के पदाधिकारियों की ओर से पुलिस अधीक्षक को 16 नवंबर को ज्ञापन सौंप दिया गया है। अगर जांच कराकर अपराध दर्ज नहीं किया गया तो कांग्रेस और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

समाचार संक्षेप

माओवादी हिंसा पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने के प्रकरणों की कलेक्टर ध्रुव ने की समीक्षा



दंतेवाड़ा, 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राहत एवं पुनर्वास से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास, माओवादी हिंसा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शासन की पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।कलेक्टर ने आत्मसमर्पित माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए पांच लाख रुपये से अधिक के इनामी आत्मसमर्पित माओवादियों को शासकीय सेवा के स्थान पर एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान करने, आवास एवं भूखंड संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित माओवादियों को निर्धारित मानदेय (स्टायपेंड) देने की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने आत्मसमर्पित माओवादियों को प्रोत्साहन राशि तथा घोषित इनाम राशि के भुगतान से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की।माओवादी हिंसा से प्रभावित परिवारों को राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में कलेक्टर ने पीड़ित परिवारों को शासकीय सेवा के स्थान पर एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने माओवादी घटनाओं में घायल नागरिकों, शहीद हुए जवानों तथा मृत आम नागरिकों का जिलेवार विवरण अद्यतन रखने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसी घटनाओं के स्थलों को शहीद स्मारक के रूप में विकसित करने तथा शहीद जवानों के सम्मान में चौक-चौराहों, मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों का नामकरण करने संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।कलेक्टर ने अन्य राज्यों में आत्मसमर्पण कर पुनर्वास प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के निवासियों की जानकारी संकलित करने तथा पुनर्वास केंद्रों को आवंटित राशि एवं व्यय का विवरण अद्यतन रखने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अपर कलेक्टर भरतराम ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खुटे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दलपत सागर के रानी घाट में आठों दुकानों के टूटे ताले; निगम का सीसीटीवी कैमरा भी मिला बंद



जगदलपुर, 19 नवंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दलपत सागर स्थित रानी घाट में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने यहां संचालित सभी आठ दुकानों के ताले तोड़ दिए। घटना के बाद क्षेत्र के दुकानदारों में दहशत और आक्रोश का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने रानी घाट में स्थित एक-एक कर सभी आठ दुकानों को निशाना बनाया और उनके ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल पर एक ही रात में इतनी दुकानों के ताले टूटने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।हैरानी की बात यह है कि घटनास्थल पर नगर निगम द्वारा लगाया गया निगरानी कैमरा भी बंद मिला। यदि सीसीटीवी कैमरा चालू होता, तो पुलिस को आरोपियों की पहचान और घटना से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते थे। कैमरे के बंद रहने से निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं।घटना के बाद दुकानदारों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। अब पुलिस के सामने चोरों का पता लगाने और चोरी की वारदात का खुलासा करने की चुनौती है। वहीं, नगर निगम की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है कि पर्यटन स्थल पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उन्हें नियमित रूप से चालू रखा जाए।दलपत सागर जैसे शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल पर आठ दुकानों के ताले टूटने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। सवाल यह है कि जब शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल पर दुकानदारों की संपत्ति सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी?

बिरसा मुंडा की जयंती पर महाजुटान! गौर सिंग और गेड़ी नृत्य की बिखरी छटा, वीर सपूतों के परिजन सम्मानित



जगदलपुर, 19 नवंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । बस्तर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के पावन अवसर पर मनाए जा रहे जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत बुधवार, 18 नवंबर को स्थानीय शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में भव्य जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया इस गरिमामय कार्यक्रम में वक्ताओं ने जनजातीय महानायकों के बलिदान को नमन करते हुए समाज की एकजुटता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और नक्सलवाद के खात्मे के बाद तेजी से विकसित हो रहे नए बस्तर की तस्वीर पेश की। समारोह के दौरान जनजातीय संस्कृति, इतिहास और विकास की विविध झलकियां देखने को मिलीं।कार्यक्रम की शुरुआत में बस्तर के जनजातीय समुदाय से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारी नायकों के परिजनों का विशेष सम्मान किया गया।सांस्कृतिक उल्लास को बढ़ाने के लिए आयोजित जिला स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव की पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता में लामकेर के गेड़ी नर्तक दल, छिंदावाड़ा के धुरवा मंडई नृत्य और किलेपाल के गौर सिंग नर्तक दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।इसके साथ ही क्षेत्र की उपलब्धियों को दर्शाती जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका समापन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों कोसमारोह के मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने स्थानीय हल्बी और हिंदी भाषा में आत्मीय उद्बोधन देकर जनसमूह का दिल जीत लिया। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं से अपने असली रोल मॉडल चुनने का आह्वान करते हुए बस्तर के वीर सपूतों–गुंडाधुर, डेबरीधुर, शहीद वीर नारायण सिंह, कुंवर गेंद सिंह और शहीद झाड़ा सिरहा–के बलिदान को याद किया। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर जनजातीय समाज की बेटी आसीन हैं ।

क्षतिग्रस्त पुल के कारण तुरंगुर-लालागुड़ा मार्ग पर आवागमन ठप

जगदलपुर, 19 नवंबर। बस्तर जिले के बास्तानार विकासखंड अंतर्गत तुरंगुर से लालागुड़ा पहुंच मार्ग पर बना पुल लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है। पुल ढह जाने के कारण इस मार्ग पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे आसपास के ग्रामीणों, किसानों और राहगीरों को रोजमर्रा के कामकाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।तुरंगुर-लालागुड़ा मार्ग आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है। पुल क्षतिग्रस्त होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने, कृषि कार्य करने, धान का परिवहन करने और व्यापारिक गतिविधियों में दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बास्तानार से लालागुड़ा अथवा तुरंगुर की ओर जाने के लिए उन्हें वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेना पड़ रहा है।

धान उपार्जन केंद्र में उत्साहपूर्वक जारी है धान खरीदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 19 नवंबर । जिले के धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसी क्रम में गीदम धान उपार्जन केंद्र में किसान बृज बिहारी वेक ने 18 क्विंटल धान का विक्रय किया।

किसान बृज बिहारी वेक ने बताया कि उन्होंने अपनी उपज के विक्रय के लिए 18 क्विंटल धान का टोकन प्राप्त किया था। निर्धारित तिथि पर वे अपनी पूरी उपज लेकर गीदम उपार्जन केंद्र पहुंचे, जहां उनकी उपस्थिति में धान की प्रक्रिया एवं



तौल का कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।उन्होंने बताया कि धान विक्रय के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। केंद्र में तौल सहित अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धान की खरीदी होने से उन्होंने संतुष्टि व्यक्त की।

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, किसानों की सहूलियत तथा खरीदी प्रक्रिया की नियमित निगरानी की जा रही है। इससे किसानों को अपनी उपज का विक्रय करने में सुविधा मिल रही है। धान खरीदी केंद्रों में बेहतर व्यवस्थाओं के बीच किसान उत्साहपूर्वक अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं।

पटवारियों के समर्थन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा

मृणमय बारोई

जगदलपुर, 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आंदोलन और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए मोर्चा खोल दिया है। इसी सिलसिले में 18 नवंबर 2026 को फेडरेशन के पदाधिकारी अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर जगदलपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। यहां कलेक्टर एवं एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर डिप्टी कलेक्टर और फेडरेशन के पदाधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई।

बताया जा रहा है कि कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन सौंपने के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर डिप्टी कलेक्टर ने आपत्ति जताई। इसी दौरान उन्होंने लाउडस्पीकर जब्त करने के निर्देश भी दिए। इस बात को लेकर पदाधिकारियों और डिप्टी कलेक्टर के बीच विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते बहस तेज हो गई। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ने पदाधिकारियों से कहा कि ज्ञापन देने आए हैं तो ज्ञापन दीजिए, अन्यथा यहां से चले जाइए।



इतना कहने के बाद डिप्टी कलेक्टर नाराज होकर वहां से मुड़े और अंदर की ओर चले गए।

लाउडस्पीकर जब्त करने के निर्देश पर बढ़ा विवाद, कर्मचारियों ने की नारेबाजी

कलेक्ट्रेट परिसर में लाउडस्पीकर को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते बढ़ गया। डिप्टी कलेक्टर द्वारा लाउडस्पीकर जब्त करने के निर्देश दिए जाने के बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों और पटवारियों में नाराजगी देखने को मिली। विवाद इतना बढ़ गया कि कर्मचारियों एवं पटवारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे फेडरेशन के पदाधिकारियों और डिप्टी कलेक्टर के बीच हुई तीखी बहस तथा उसके बाद कर्मचारियों की नारेबाजी ने पूरे घटनाक्रम को चर्चा का विषय बना दिया।

पटवारियों के आंदोलन का सम्मानजनक निराकरण करने की मांग

फेडरेशन ने ज्ञापन में छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के अनिश्चितकालीन आंदोलन का सम्मानजनक निराकरण करने तथा आंदोलन के दौरान पटवारियों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्रवाइयों को निरस्त करने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पटवारी राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और राजस्व संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन में उनकी अहम भूमिका होती है।

फेडरेशन का आरोप है कि पटवारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों का संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के बजाय आंदोलन को दबाने के लिए एसीबी की कार्रवाई सहित विभिन्न प्रकार की दंडात्मक कार्रवाइयां की जा रही हैं। इससे प्रदेश के कर्मचारियों में असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।फेडरेशन ने मांग की है कि पटवारियों के विरुद्ध आंदोलन के दौरान की गई समस्त दंडात्मक कार्रवाइयां तत्काल निरस्त की जाएं और उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए सम्मानजनक समाधान निकाला जाए।

लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देने की मांग

फेडरेशन की दूसरी प्रमुख मांग प्रदेश के शासकीय सेवकों और पेंशनरों को लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का लाभ केंद्र सरकार के समान देय तिथि से एरियर्स सहित प्रदान करने की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ दे रही है, जबकि छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक अभी भी 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते के लाभ से वंचित हैं।लगातार बढ़ती महंगाई के बीच महंगाई भत्ता कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए आर्थिक राहत का महत्वपूर्ण माध्यम है। केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में अंतर होने से प्रदेश के शासकीय सेवकों में असंतोष है। ऐसे में फेडरेशन ने लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान देय तिथि से एरियर्स सहित करने की मांग की है। ज्ञापन में फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि संगठन शासन और कर्मचारियों के बीच सकारात्मक संवाद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का पक्षधर है। इसके बावजूद यदि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए फेडरेशन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।एक ओर जहां कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने पटवारियों के आंदोलन का सम्मानजनक समाधान और कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते की मांग उठाई है, वहीं दूसरी ओर ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर के साथ हुई तीखी बहस, लाउडस्पीकर जब्त करने के निर्देश और इसके बाद कर्मचारियों एवं पटवारियों द्वारा शासन-प्रशासन के खिलाफ की गई नारेबाजी ने पूरे घटनाक्रम को सुर्खियों में ला दिया है।

अकवान तूफान से बस्तर में फिर बाढ़ का खतरा, ओड़िशा ने खोला कोलाब डैम का गेट

जगदलपुर, 19 नवंबर। बस्तर में एक के बाद एक चक्रवाती तूफानों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सितंबर में भीषण बाढ़, अक्टूबर में अर्नब और नवंबर में मुरासु के बाद अब अकवान तूफान ने एक बार फिर बस्तर में खतरे की घंटी बजा दी है। इस बार चिंता की वजह ओड़िशा के कोलाब डैम से पानी छोड़ा जाना है। अकवान तूफान के प्रभाव से भारी बारिश की आशंका के बीच ओड़िशा ने कोलाब डैम का एक गेट खोल दिया है। इससे निकलने वाला पानी शबरी नदी में पहुंच रहा है। ऐसे में शबरी नदी का जलस्तर बढ़ने पर सुकमा जिले के नदी तटीय और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो सकता है।कोरापुट जिले में स्थित अपर कोलाब जलाशय का पांचवां गेट बुधवार शाम करीब 5 बजे एक मीटर खोला गया। जलाशय प्रबंधन ने भारी बारिश की आशंका और जलभराव को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया है। जलाशय का जलस्तर 856.12 मीटर दर्ज किया गया था।

शिक्षाविद्,समाजसेवी,पत्रकार रामचंद्र ने थमा कांग्रेस का हाथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में कल एक बड़ा राजनीतिक धमाका हुआ कई दिनों से सक्रिय राजनीति का दरवाजा खटखटा रहे बहुचर्चित शिक्षा विद समाजसेवी पत्रकार एवं पूर्व पुलिस निरीक्षक रामचंद्र शर्मा कांग्रेस ने शामिल हो गए रायगढ़ जिले की राजनीति के लिए इसे बड़ी घटना के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि रामचंद्र शर्मा की सक्रियता से उन्हें रायगढ़ विधान सभा का संभावित प्रत्याशी माना जा रहा है खरसिया के नंदेली हाउस में पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया इस मौके पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष नगेंद्र नेगी एवं कांग्रेस शहर अध्यक्ष शाखा यादव उपस्थित थे। इससे




पहले कांग्रेस भवन में उन का फार्म भरा गया एवं प्रक्रिया पूरी की गई। राजनीति क्षेत्रों में उनके कांग्रेस में शामिल होने की अटकले पिछले कई दिनों से चल रही थी जिस पर कल 12 नवबंर की शाम पूर्ण विराम लग गया यह प्रवेश कार्यक्रम बेहद सादगीपूर्ण और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। रामचंद्र शर्मा शिक्षा, खेल, पत्रकारिता व सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में लंबे समय से भूमिका निभाते रहे हैं। पूर्व पुलिस निरीक्षक के रूप में प्रशासनिक अनुभव रखने के साथ-साथ शिक्षाविद् और समाज सेवी के रूप में भी उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उनकी सक्रियता और जनसंपर्क उनकी महत्वपूर्ण ताकत मानी जाती हैं।राजनैतिक हलकों में रामचंद्र शर्मा के कांग्रेस प्रवेश को शिक्षा ,खेल एवं सामाजिक क्षेत्र में पार्टी के जनाधार में बढ़ोतरी व मजबूती में इजाफे के तौर में देखा जा रहा है रामचंद्र शर्मा का कांग्रेस में प्रवेश पार्टी के स्थानीय संगठन के लिए एक सकारात्मक शुरुआत है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त है। रायगढ़ की राजनीति में रामचंद्र शर्मा का कांग्रेस प्रवेश एक सामान्य सदस्यता से बढ़कर संगठनात्मक विस्तार व सामाजिक स्वीकार्यता की दृष्टि से अत्यधिक महत्व पूर्ण माना जा रहा है। अब उनके अनुभव, सक्रियता और जनसंपर्क का लाभ कांग्रेस संगठन को किस तरह मिलता है, और कितना प्रभावकारी रहता है इस पर राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की निगाहें रहेंगी।

राक गार्डन में युवती से रेप करने वाले दो युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के राक गार्डन में युवती से गैंग रेप करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पीड़िता अपने प्रेमी के साथ गार्डन घूमने गई थी तभी इन दोनों ने उसके प्रेमी को डंडे से बुरी तरह पीटा और जब वो बेहोश हो गया तो युवती को डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया और दस हजार रुपए लूट लिए ।यह घटना खरसिया थाना के बोतल्दा राक गार्डन में 14 नवंबर शनिवार को हुई । दोनो युवकों ने युवती वो उसके फ्रेंड का वीडियो भी बनाया और किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने व गंभीर परिणाम भोगने की धमकी दी।

युवती के मुताबिक वह 14 नवंबर को अपने गांव से एक मित्र के साथ मोटर साइकिल से रेलवे स्टेशन सक्ती जाने के लिए निकली थी। ट्रेन लेट होने से दोनों घूमते हुए दोपहर में खरसिया के रॉक गार्डन बोतल्दा पहुंच गए। इसी दौरान गार्डन में



सीढ़ियां चढ़ते समय पीछे से दो युवक आए और उन्हें डराने-धमकाने लगे। आरोपियों ने युवती के मोबाइल में रखे 1,200 रुपये तथा उसके मित्र से 10 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद डंडे से युवक के सिर एवं शरीर पर वार कर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद दोनों ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर बारी-बारी से उससे दुष्कर्म किया। युवती के मित्र के होश में आने पर दोनों ने उन दोनों का वीडियो बनाया और धमकी चमकी दी ।

मामले की रिपोर्ट होने पर एस एस पी शशि मोहन सिंह ने तत्काल एसडीओपी खरसिया सतीश भार्गव एवं थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सीताराम ध्रुव को आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। खरसिया पुलिस की टीम ने बोतल्दा में स्थानीय लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश की, संदेहियों के फोटो युवती द्वारा तस्दीक किए जाने के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों को घटनास्थल पर ले गई ओर सीन रिक्रिएट कराया। पूछताछ में दोनो ने अपराध कबूल कर लिया। उनके मेमोरेंडम बयान पर आरोपी फनेश्वर प्रसाद पटेल से घटना का वीडियो बनाने में प्रयुक्त आईफोन मोबाइल तथा लूट की रकम में से 1,500 रुपये बरामद किए गए। वहीं आरोपी राहुल पटेल से 3,000 रुपये एवं वारदात में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया। दोनों के मोबाइल की जांच में अन्य युवतियों के फोटो एवं वीडियो भी मिले हैं, जिनके संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

आरोपी राहुल पटेल पिता खुलेश्वर पटेल उम्र 21 वर्ष बोतल्दा थाना खरसिया, शारडा कंपनी डभरा में और दूसरा फनेश्वर प्रसाद पटेल पिता कुसुम प्रसाद पटेल उम्र 20 वर्ष बोतल्दा, स्प्रिङ्ग कंपनी चपले में लेबर का काम करता है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 597/ 2026 में धारा 109, 309(6), 70 बीएनएस के तहत दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर रिमांड पर जेल भेजा दिया। दोनों युवकों के संबध में बताया जाता हे कि वे आदतन अपराधी प्रवृत्ति के हैं ।

तपन के घर सहित कई जगह पुलिस ने दी दबिश

भिलाई, 19 नवंबर (तछसं.)। गैंगस्टर तपन सरकार और उसके साथियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने दुर्ग पुलिस ने बुधवार सुबह एसीसीयू की टीम ने गैंगस्टर तपन सरकार के मोहन नगर स्थित घर सहित उसके सात गुर्गों के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ दबिश दी हालांकि, पुलिस की टीम को एक बार फिर तपन सरकार घर पर नहीं मिला वहीं, उसके सात गुर्गे पुलिस के हाथ लगे सभी को संबंधित थानों में ले जाकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 50 हजार से एक लाख रुपए तक का बाउंडओवर भरवाया गया एसीसीयू की टीम ने मोहन नगर, भिलाई नगर, वैशाली नगर और छावनी थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की। पकड़े गए सात लोगों को उनके संबंधित थानों में भेजा गया, जहां उनसे 50 हजार से एक लाख रुपए तक का बाउंडओवर भरवाया गया पुलिस ने उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी अपराध में संलिप्तता सामने आने पर बाउंडओवर की राशि शासन के पक्ष में जब्त की जा सकती है इसके अलावा उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

एक नजर

सरकारी स्कूलों के निजीकरण का लेखराम साहू ने किया विरोध

कुरूद , 19 नवंबर (तछसं.)। 30 साल के लिए 207 विद्यालयों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी, शिक्षा के बाजारीकरण से गरीब बच्चों का भविष्य खतरे में पूर्व विधायक लेख राम साहू



विज्ञप्ति में कहा छत्तीसगढ़ में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लेकर कुरूद विधानसभा के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करने में विफल सरकार अब 207 शासकीय विद्यालयों को 30 वर्षों के लिए पीपीपी मॉडल के तहत निजी संस्थाओं को सौंपने की तैयारी कर रही है। यह शिक्षा के बाजारीकरण की दिशा में चिंताजनक कदम है।साहू ने आगे कहा कि निजी प्रबंधन के हाथों में विद्यालयों की व्यवस्था जाने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने की आशंका है। सरकार स्कूलों को मजबूत करने के बजाय निजी हाथों में सौंपने का रास्ता अपना रही है। उन्होंने शिक्षकों से भी इस प्रस्ताव के खिलाफ आवाज उठाने की अपील करते हुए कहा कि आज सरकारी स्कूलों के भविष्य पर सवाल है, कल शिक्षकों की नौकरी और भविष्य पर भी संकट आ सकता है।लेखराम साहू ने कहा कि शिक्षा सेवा का माध्यम है, व्यापार का नहीं। सरकारी स्कूलों का निजीकरण देश की शिक्षा व्यवस्था और गरीब बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की।

हर घर जल का लक्ष्य हासिल करने जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी: कलेक्टर

रायगढ़, 19 नवम्बर। रायगढ़ को हर घर जल जिला बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। कार्यों के क्रियान्वयन और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समूह नल-जल योजनाओं के शेष कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करने, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को नियमित रूप से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

सीएम हेल्पलाइन से दूर हुई अंधेरे की समस्या, चपले चौक में फिर जगमगाई सोलर हाईमास्ट लाइट

रायगढ़, 19 नवम्बर। आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले के ग्राम चपले चौक में बंद पड़े सोलर हाईमास्ट संयंत्र की समस्या का समाधान किया गया है। शिकायत मिलने पर क्रेडा के जिला एवं जोनल कार्यालय रायगढ़ ने संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई से समन्वय कर संयंत्र की खराबी दूर कराई। अब सोलर हाईमास्ट फिर से कार्यशील हो गया है और चौक पर रात्रि में रोशनी उपलब्ध हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंड खरसिया के ग्राम सोड़का निवासी श्री महेन्द्र सिंह ने सीएम हेल्पलाइन 1076 पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने ग्राम चपले चौक में प्रकाश व्यवस्था के लिए स्थापित सोलर हाईमास्ट संयंत्र के अकार्यशील होने की समस्या उठाई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए क्रेडा के जिला कार्यालय एवं जोनल कार्यालय रायगढ़ द्वारा संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई से संपर्क और समन्वय किया गया। इसके बाद संयंत्र में आई तकनीकी खराबियों को ठीक कर उसे पुनः चालू कर दिया गया।सोलर हाईमास्ट संयंत्र के चालू होने से अब चपले चौक पर रात के समय पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध हो रहा है। इससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही वहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी सुविधा मिल रही है। शिकायत के निराकरण पर आवेदक श्री महेन्द्र सिंह ने संतुष्टि व्यक्त की है। वहीं ग्रामवासियों ने प्रकाश व्यवस्था बहाल होने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया है। सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं शासन तक पहुंचा सकते हैं।

कुरूद मंडी में पहले ही दिन 10,257 बोरे की बंपर आवक; 3500 रुपये से ज्यादा में बिका पतला धान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद,19 नवंबर । कृषि उपज मंडी कुरूद में बुधवार को पूरे विधि-विधान और शुभ मुहूर्त के साथ धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया। सुबह 1030 बजे मंडी प्रांगण में पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद उपस्थित किसानों और व्यापारियों को प्रसाद वितरण किया गया। मंडी अधिकारियों और व्यापारियों ने किसानों का मुँह मीठा कराकर उनका आत्मीय स्वागत किया और बोली की शुरुआत की।

खरीदी के पहले ही दिन मंडी में किसानों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और 10,257 बोरे से अधिक धान की बंपर आवक दर्ज की गई। नीलामी के दौरान पतला धान 3,500 रुपये प्रति क्विंटल से भी अधिक के आकर्षक भाव पर बिका, जिससे अन्नदाताओं के चेहरे खिल उठे। इस शुभारंभ अवसर पर मंडी



सचिव राजकुमार रात्रे, मंडी स्टाफ से बालाराम चंद्राकर, सरोज देवांगन एवं रेजा हमाल संघ के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही, राइस मिलर संघ की ओर से अनिल चंद्राकर, सुनील अग्रवाल, विजय केला, हितेंद्र केला लक्खू मनोज चंद्राकर, अजय केला, रोशन केला, योगेश चंद्राकर, मनीष अग्रवाल तथा ट्रेडिंग व आढ़तिया संघ से राजेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, दीपक महावर, पप्पू अग्रवाल, सुनील चंद्राकर, घनश्याम महावर, खिलेंद्र चंद्राकर, श्याम बाजपेई और राजू महावर सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण व किसान मौजूद रहे।

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई सहस्त्रबाहु जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद,19 नवंबर । नगर के कालापारा स्थित सिन्हा भवन में विगत दिनों सहस्त्रबाहू जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने उपस्थित होकर जयंती समारोह में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर बहादुर कलारीन का विधिवत पूजा-अर्चना एवं महापुरुष के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए हीरेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर ने सहस्त्रबाहु के जीवन, आदर्शों एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य केवल आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना भी जरूरी है। समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा, संस्कार, संगठन और आपसी भाईचारे से ही संभव है।

सितेश सिन्हा पार्षद नगर पंचायत कुरूद ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के प्रति जागरूक करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही नई पीढ़ी को समाज के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं से जोड़ने की आवश्यकता बताई। कुरुद कलार समाज के अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा ने भी सभा को संबोधित किया।कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। ललित सिन्हा वरिष्ठ समाजजनमहापुरुषों की जयंती हमें अपने इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं को याद करने का अवसर देती है। समाज को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। वरिष्ठ सामाजिक बंधु प्रभु सिन्हा नेसमाज की मजबूती का आधार संगठन और एकजुटता है। जब तक हम संगठित होकर शिक्षा और सामाजिक विकास को प्राथमिकता नहीं देंगे, तब तक वास्तविक उन्नति संभव नहीं है। नंद कुमार सिन्हा सामाजिक सचिव सामाजिकसचिन नेआज के युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़कर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति आगे आना चाहिए। महिला प्रतिनिधि देवसिर सिन्हा ने समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा देकर हम एक सशक्त समाज की नींव रख सकते हैं।

धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर ने घरघोड़ा उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 19 नवम्बर। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है। खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी आज घरघोड़ा धान उपार्जन केंद्र पहुंचे। उन्होंने केंद्र में किसानों का पंजीयन, उपलब्ध सुविधाओं, बारदानों की उपलब्धता, धान की तौल और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कहा कि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने घरघोड़ा उपार्जन केंद्र में धान रखने की निर्धारित क्षमता की जानकारी लेते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धान रखने के लिए वैकल्पिक स्थान पहले से चिह्नित कर लिया जाए। उन्होंने किसानों के बैठने, पेयजल और छांव की व्यवस्था के साथ धान की गुणवत्ता जांच एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए वास्तविक पंजीकृत किसानों से उनके पंजीकृत रकबे के अनुसार धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी तरह की असुविधा न हो।

एग्रीस्टेक आईडी वाले विगत वर्ष के पंजीकृत किसानों को इस वर्ष भी धान विक्रय के लिए मान्य किया गया है। ऐसे किसानों को दोबारा पंजीयन कराने या समिति में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से धान के रकबे का ऑनलाइन निर्धारण किया गया है तथा वास्तविक किसानों से खरीदी सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था अपनाई जा रही है। उपार्जन केंद्रों में किसानों को बेहतर और सुगम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।कोचियों और बिचौलियों के माध्यम से अवैध धान की खरीदी-बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था बनाई है। जिले में 20 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां तीन पालियों में 24 घंटे निगरानी की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से आने वाले वाहनों एवं धान की जांच के लिए राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही जिला स्तरीय निगरानी समिति गठित की गई है तथा जिले की सभी 10 तहसीलों में उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। इन दलों को अपने क्षेत्रों में अवैध धान की खरीदी, परिवहन और भंडारण पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है।किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए समितियों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की सुविधा दी गई है। किसान इस एप के जरिए 24 घंटे अपनी सुविधा के अनुसार टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा समिति स्तर पर भी टोकन जारी करने की व्यवस्था है।जिले में 15 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। अब तक कुल 109 किसानों द्वारा विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में 623.44 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया गया है।

21 क्विंटल प्रति एकड़ धान नहीं बेचने वाले पात्र किसानों को भी मिलेगी आदान सहायता

कृषक उन्नति योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 13 हजार 839 रुपये की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस सहायता का लाभ लेने के लिए किसानों को प्रति एकड़ निर्धारित 21 क्विंटल धान की पूरी मात्रा बेचना अनिवार्य नहीं है। निर्धारित मात्रा से कम धान बेचने वाले पात्र किसान भी योजना के प्रावधानों के अनुसार आदान सहायता राशि के पात्र होंगे। इससे किसानों को खेती-किसानी की जरूरतों को पूरा करने में अतिरिक्त आर्थिक सहयोग मिलेगा।

स्वास्थ्य शिविर में नशामुक्ति केंद्र की सुविधाओं की दी गई जानकारी

रायगढ़, 19 नवम्बर । युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उपचार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को विकासखंड लोईंग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ननसिया में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नशामुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आम नागरिकों को लोईंग में संचालित नशामुक्ति केंद्र की सुविधाओं, उपचार और परामर्श व्यवस्था की जानकारी दी गई। शिविर में 18 लोगों की गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से संबंधित स्क्रीनिंग की गई। वहीं 3 गर्भवती महिलाओं तथा परिवार नियोजन के 5 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग के साथ आवश्यक काउंसलिंग भी की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बताया कि लोईंग में 10 बिस्तरीय नशामुक्ति केंद्र संचालित है, जहां 24 घंटे निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। यहां शराब, तंबाकू, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थों की लत से प्रभावित लोगों को चिकित्सकीय उपचार के साथ विशेषज्ञ परामर्श दिया जाता है।नशामुक्ति केंद्र में डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की देखरेख में मेडिकल डिटॉक्सिफिकेशन, काउंसलिंग और आवश्यक उपचार की व्यवस्था है। मरीजों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए योग, ध्यान, व्यायाम और संतुलित पौष्टिक आहार की सुविधा भी दी जाती है। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों की गोपनीयता का ध्यान रखते हुए परामर्श दिया जाता है।

अवैध धान भंडारण पर प्रशासन ने 66.80 क्विंटल धान जब्त किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 19 नवम्बर। जिले में अवैध धान की आवक, खरीदी-बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 66.80 क्विंटल धान के मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम लैलूंगा द्वारा ग्राम मुकड़ेगा में सुदूराम चौहान के पास रखे 34 कट्टा (14 क्विंटल) धान को अवैध रूप से भंडारित पाए जाने पर जब्त किया गया। इस मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं, मंडी टीम द्वारा रायगढ़ के काशीराम चौक स्थित विनोद जांगड़े के मकान की जांच के दौरान 70 कट्टा (28 क्विंटल) धान पाया गया। इस संबंध में मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मंडी, राजस्व एवं फूड के संयुक्त जाँच दल द्वारा निरीक्षण करने पर श्री अनिल किराना के यहां 30 कट्टी एवं सीता किराना शरद अग्रवाल के यहा 32 कट्टी कुल 2 प्रकरणों में 62 कट्टी 24.80 क्विंटल अवैध धान पाया गया जिसका मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया।

उल्लेनीय है कि कोचियों और बिचौलियों के माध्यम से अवैध धान की खरीदी-बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले में 20 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। यहां तीन पालियों में 24 घंटे निगरानी की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से आने वाले वाहनों एवं धान की जांच के लिए राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही जिला स्तरीय निगरानी समिति गठित की गई है तथा जिले की सभी 10 तहसीलों में उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। इन दलों को अपने क्षेत्रों में अवैध धान की खरीदी, परिवहन और भंडारण पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक निगरानी रखते हुए अवैध धान के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

धान पंजीयन से टोकन तक किसानों को मिल रही सहूलियत, आसानी से बेच रहे अपनी उपज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 19 नवम्बर। जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो चुकी है। उपार्जन केंद्रों में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं और धान विक्रय कर रहे हैं। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंजीयन से लेकर टोकन प्राप्त करने तक की प्रक्रिया को किसानों की सुविधा के अनुरूप बनाया गया है, जिससे उन्हें धान बेचने में सहूलियत मिल रही है। कई किसान जहां अभी धान कटाई में जुटे हैं, वहीं कटाई पूरी कर चुके किसान उपार्जन केंद्रों में धान का विक्रय कर रहे हैं।

पुसौर विकासखंड के ग्राम जामपाली निवासी किसान श्री श्यामलाल पटेल ने बताया कि वे इस वर्ष लगभग 12.50



हेक्टेयर में धान की खेती कर रहे हैं। फिलहाल उनके खेतों में धान कटाई का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। पंजीयन के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और पूरी प्रक्रिया आसानी से पूरी हो गई। शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। श्री पटेल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ की निर्धारित सीमा से कम धान बेचने वाले किसानों को भी प्रति एकड़ निर्धारित अंतर की सहायता राशि दिए जाने का निर्णय किसानों के लिए मददगार साबित होगा। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष जताते हुए बताया कि किसान अपनी सुविधा के अनुसार समिति के माध्यम से अथवा मोबाइल ऐप से टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इससे धान विक्रय की प्रक्रिया आसान हुई है।

निर्माण श्रमिक परिवारों के युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण, रायगढ़ से 5 हितग्राहियों का होगा चयन

रायगढ़, 19 नवम्बर। निर्माण श्रमिक परिवारों के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की इस योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले से 5 पात्र युवाओं का चयन कर सीआईपीईटी रायपुर में कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।योजना के तहत चयनित युवाओं को सहायक मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रसंस्करण, एक्सट्रूजन एवं इंजेक्शन मोल्डिंग ट्रेड में 480 घंटे यानी 80 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान हितग्राहियों के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

गंगा प्रसाद फाउंडेशन के क्रियाकलाप और स्थापित नेतृत्व को चुनौती महज मजाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरुद, 19 नवंबर। गंगा प्रसाद फाउंडेशन पुण्यतिथि के मंच से आज से 13 वर्ष पूर्व सियासी हलचल पूर्व उठी थी। वर्षों बाद भी फाउंडेशन के समाजसेवा के खाते में कितनी उपलब्धियां है, जो एक सवाल पैदा करता है , फाउंडेशन की शून्य क्रियाकलाप एक स्थापित नेतृत्व को चुनौती नहीं दे सकती, ऐसा किया जाना महज एक मजाक है, छत्तीसगढ़ विधानसभा



चुनावी वर्ष के ठीक पहले वर्ष 2012 के भव्य आयोजन ने एक राजनीतिक सवाल खड़े किए थे। क्या सामाजिक संस्था के नाम पर तैयार हो रही थी, नई राजनीतिक जमीन,अजय चंद्राकर के स्थापित नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिशों के बीच आज भी जनता मांग रही जवाब,कुरूद की राजनीति में किसी स्थापित नेतृत्व को चुनौती देना लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता कायम करना केवल बड़े आयोजनों, अखबारों में विज्ञापन देने कुरुद विधानसभा से राजधानी तक बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर भयभीत करने से संभव नहीं होता। इसके लिए धरातल पर काम करना पड़ता है। कुरूद विधानसभा की राजनीतिक यात्रा में गंगा प्रसाद फाउंडेशन का नाम भी एक ऐसे ही प्रसंग के रूप में याद किया जाता है, जिसकी शुरुआत जितनी भव्यता के साथ हुई थी, उसकी सामाजिक सक्रियता को लेकर आज उतने ही सवाल खड़े हो रहे हैं। 3 जनवरी 2012 को स्वर्गीय दाउ गंगा प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर खेल मेला मैदान कुरूद में आयोजित कार्यक्रम ने उस समय पूरे विधानसभा क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया था। स्वर्गीय गंगा प्रसाद के सुपुत्र प्रदीप चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर गांवों से लेकर राजधानी तक प्रचार-प्रसार किया गया। बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर और समाचार पत्रों में विज्ञापनों के जरिए आयोजन को व्यापक पहचान दिलाने की कोशिश हुई।उस समय राजनीतिक गलियारों में इस आयोजन को केवल पुण्यतिथि कार्यक्रम नहीं, बल्कि कुरूद की राजनीति में एक नए शक्ति केंद्र के रूप में भी देखा जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह चर्चा रही कि क्या गंगा प्रसाद फाउंडेशन के माध्यम से भाजपा के स्थापित नेतृत्व और तत्कालीन प्रभावशाली नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के राजनीतिक वर्चस्व को चुनौती देने की जमीन तैयार की जा रही थी।हालांकि इस राजनीतिक मंशा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई, लेकिन आयोजन की भव्यता, प्रचार के स्तर और उसके पीछे सक्रिय राजनीतिक समीकरणों ने कई चर्चाओं को जन्म दिया था।किसी भी सामाजिक संस्था की वास्तविक पहचान उसके नाम, पदाधिकारियों या आयोजन की भव्यता से नहीं, बल्कि समाज के लिए किए गए कार्यों से बनती है। गंगा प्रसाद फाउंडेशन को लेकर भी कुरूद विधानसभा की जनता की अपेक्षा थी कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों की सहायता, युवाओं के भविष्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएगी।लेकिन इतने लंबे अंतराल के बाद भी संस्था की ओर से कोई उल्लेखनीय और नियमित सामाजिक गतिविधि सार्वजनिक चर्चा में नहीं आना कई सवाल खड़े करता है।आखिर संस्था ने अब तक कितने गरीब परिवारों की मदद की। कितने जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा में सहयोग दिया। स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मार्गदर्शन अथवा जनकल्याण के क्षेत्र में क्या कार्य किए गए। उस समय संस्था को आर्थिक सहयोग कहां से मिला और उसके उपयोग का स्वरूप क्या रहा।ये ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब संस्था के पदाधिकारियों को सार्वजनिक रूप से देना चाहिए।

अजय चंद्राकर का विकास नेतृत्व और कुरूद की बदली तस्वीर

एक ओर राजनीतिक पहचान बनाने के प्रयासों की चर्चा रही, तो दूसरी ओर अजय चंद्राकर ने कुरूद विधानसभा में विकास कार्यों के जरिए अपना अलग राजनीतिक आधार तैयार किया। जो आज तक कुरूद विधानसभा में इतने विधायक बने लेकिन किसी ने नहीं किया ।पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, न्यायिक व्यवस्था, सिंचाई और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण संस्थान और योजनाएं क्षेत्र को मिलीं।आईटीआई, पॉलिटेक्निक, कृषि महाविद्यालय, सिविल कोर्ट, नवोदय विद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना ने कुरूद को नई पहचान दी। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास हुए।राजनीतिक समीकरण बदलते रहे, सरकारें आती-जाती रहीं, लेकिन कुरूद के विकास में इन संस्थागत उपलब्धियों की भूमिका आज भी दिखाई देती है। यही कारण है कि अजय चंद्राकर का राजनीतिक प्रभाव केवल चुनावी समीकरणों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनके कार्यकाल में स्थापित विकास की आधारशिला भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता में प्रयास विद्यालय रायगढ़ का शानदार प्रदर्शन

रायगढ़, 19 नवम्बर । जनजातीय गौरव सप्ताह-2026 के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय, रायगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा रुचि प्रधान ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान हासिल कर 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। वहीं कक्षा 11वीं के छात्र घितेश ने पंचम स्थान प्राप्त कर सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवा रायपुर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन 14 नवंबर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नवा रायपुर में किया गया था। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं तथा जनजातीय महापुरुषों के योगदान से परिचित कराना और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। ऐसे में रायगढ़ के प्रयास आवासीय विद्यालय के दो विद्यार्थियों का उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करना जिले के लिए गौरव की बात है। रुचि प्रधान ने अपनी प्रतिभा और तैयारी के दम पर तीसरा स्थान हासिल किया, वहीं घितेश ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए पंचम स्थान प्राप्त किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ श्री एस.के.दुबे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सह प्राचार्य श्री के.एन. तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता है।

एक नजर

शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिये रोजगार का सुनहरा अवसर

बलौदबाजार, 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 25 नवम्बर 2026 को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जायेगी। रोजगार मेला में कुल 220 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में नियोजक विश्व भारती आटो मोबाईल प्रा.लि. बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, उम्र 18 से 30 वर्ष, वेतन पदानुसार 10 हजार से 20 हजार रूपए कार्यक्षेत्र पलारी होगा। स्काई आटो मोबाईल रायपुर द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक, अनुभव 0-5 वर्ष, उम्र 20 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 20 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर छत्तीसगढ़ होगा। इनफिनिटि सर्विसेस रायपुर द्वारा कलेक्शन ऑफिसर के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, उम्र 21 से 30 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंडिया हेल्प पांइट रायपुर द्वारा मार्केटिंग के 100 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, उम्र 18 से 60 वर्ष, वेतन 9 हजार से 45 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। अरोहन फायनेस प्रा. लि. रायपुर द्वारा कस्टमर सर्विसेस के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से उच्च शिक्षा, अनुभव 0 से 03 वर्ष, उम्र 21 से 33 वर्ष, वेतन 15 हजार से 22 हजार पांच सौ रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर, कोडागांव, कांकेर, धमतरी होगा। जिन कुशल इंडस्ट्रीज प्रा.लि. रायपुर द्वारा मशीन वर्क के 13 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, हेल्पर के 20 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से उच्च शिक्षा, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 10 हजार से 12 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। एलेक्सर कम्पुनिकेशस प्रा.लि.रायपुर द्वारा वायर मेन के 20 पद, सेल्स एग्जीक्यूटिव के 05 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण, उम्र 20 से 30 वर्ष,, वेतन 12 हजार से 16 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति, रोजगार पंजीयन, जाति, निवास, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

कानाकोट में वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया



बलौदबाजार, 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कानाकोट में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने एवं उनके पंजीयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक रहने तथा बैंकिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं शाखा प्रबंधक महोदय ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषि कार्यों हेतु समय पर ऋण सुविधा प्राप्त करने के लाभों से अवगत कराया गया। शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर, भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक अनिमेश एवं ग्राम पंचायत कानाकोट के सरपंच चांदनी बांधे एवं अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

उद्योग और तकनीकी शिक्षा के बीच बेहतर तालमेल से युवाओं को मिलेगा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

■ संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड की सराहनीय पहल, शासकीय आईटीआई तिल्दा को आधुनिक वेल्डिंग मशीनें एवं प्रशिक्षण उपकरण प्रदान किया।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा-नेवरा 19 नवंबर। क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा एवं युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, केसदा ने सराहनीय पहल की है। कंपनी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), तिल्दा-नेवरा को आधुनिक वेल्डिंग मशीनें एवं अन्य आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण उपकरण प्रदान किए गए।

इस पहल का उद्देश्य आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उन्हें उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से प्रशिक्षणार्थियों को अपनी तकनीकी दक्षता विकसित करने के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

संस्था परिसर में आयोजित उपकरण वितरण कार्यक्रम में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के ग्रुप सीएसआर अधिकारी एम.जी.के. मूर्ति एवं प्लांट एडमिन हेड अजय सिंह पुंडीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत तिल्दा के सभापति देवव्रत शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उद्योगों द्वारा शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में किया जा रहा सहयोग युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी का प्रयास है कि ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक संसाधनों के माध्यम से बेहतर प्रशिक्षण मिले, जिससे वे भविष्य में औद्योगिक क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना सकें।

कार्यक्रम के अंत में शासकीय आईटीआई तिल्दा के संस्था प्रमुख पंकज कुमार यादव एवं वेल्डर ट्रेड के प्रशिक्षण अधिकारी नितिन कुमार देवतले ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के प्रबंधन एवं प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कंपनी की यह पहल उद्योगों की सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर एवं कुशल बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

मुख्यमंत्री सुहेला को देंगे 459 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

178 कार्यों का भूमिपूजन व 142 करोड़ रुपये के 97 कार्यों का करेंगे लोकार्पण

बलौदाबाजार, 19 नवंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 19 नवम्बर 2026 को तहसील मुख्यालय सुहेला के दुर्गा मैदान में आयोजित सेवा संकल्प तिहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे जिलेवासियों को 459 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की बड़ी सौगात देंगे। इनमें 142 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत के 97 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 316 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत के 178 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुहेला में शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ भी करेंगे।

इन विकास कार्यों के माध्यम से जिले में सड़क अधोसंरचना, आवागमन और नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा। इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलने के साथ आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के प्रभारी



एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब होंगे।रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े,राजयसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल,विधायक संदीप साहु, विधायक इंद्र साव,विधायक कविता प्राण लहरे,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,डॉ सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, लक्ष्मी बघेल,जनपद अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल,जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन वर्मा,ईशान वैष्णव,जिला अध्यक्ष आनंद यादव,सरपंच मोंगरा धृतलहरे विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे।

प्रमुख भूमिपूजन कार्य-मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा 316 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत के 178 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया जाएगा। इनमें विकासखंड बलौदाबाजार में 88 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से लटुआ-पनगांव बायपास मार्ग निर्माण तथा तहसील सुहेला में 23 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से सुहेला तिराहा के तीन मार्गों पर डिवाइडर एवं लाइटयुक्त सड़क निर्माण, विकासखंड सिमगा में 8 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से हथबंद से जांगड़ा सड़क निर्माण, विकासखंड भाटापारा में 6 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से दतरेंगा से बिजराडीह तक पुल-पुलियों सहित 6.20 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा 5 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से तुरमा से खैरी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रमुख हैं।

प्रमुख लोकार्पण कार्य-मुख्यमंत्री द्वारा कुल 142 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत के 97 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से विकासखंड भाटापारा में 65 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से खपरी-सिलवा-करहीबाजार सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा 9 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से भाटापारा-सुहेला-हिरमी-मोहरा मार्ग का डामरीकरण एवं मजबूतीकरण शामिल है।इसी तरह विकासखंड पलारी में 3 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भवन निर्माण, विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम घुलघुल में 3 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से मल्हीन नाला पर स्टॉपडेम निर्माण तथा विकासखंड कसडोल के ग्राम मटिया में 3 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से मटिया नाला पर स्टॉपडेम निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री की इस सौगात से जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी। विशेष रूप से सड़क संपर्क मजबूत होने से आवागमन सुगम होगा तथा शिक्षा, रोजगार और ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित होंगे।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अनियमितता पर नोटिस जारी किया, गुणवत्ता जांच के लिए लिया सैम्पल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 19 नवंबर। 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक 15 दिवसीय विशेष सघन निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान सुरक्षित आहार, हमर अधिकार संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार स्थित के.जी.एन. 786 बिरयानी सेंटर में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाया गया। प्रतिष्ठान के कुकिंग एरिया में अत्यधिक गंदगी तथा वाशिंग एरिया में जल-जमाव की स्थिति पाई गई। इसके अतिरिक्त, तैयार खाद्य पदार्थों जैसे चिकन बिरयानी, रोस्ट एवं चिल्ली में कृत्रिम खाद्य रंगों का उपयोग होते पाया गया, जिसे टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट कराया गया। परिसर में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था की कमी तथा स्टोर एरिया में खाद्य सामग्रियों का रख-रखाव अत्यंत अव्यवस्थित मिला। प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों में व्यक्तिगत स्वच्छता का अभाव देखा गया और उनके द्वारा हेड कवर, मास्क एवं एप्रोन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। साथ ही, पेस्ट कंट्रोल एवं मक्खी ट्रैप आदि से संबंधित अनिवार्य दस्तावेजों का संधारण भी नहीं पाया गया। उक्त गंभीर कमियों के आधार पर के.जी.एन. 786 बिरयानी सेंटर का खाद्य पंजीयन 5 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है तथा कमियों का निराकरण व स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित होने तक संचालन पर रोक लगाई गई है।

इस अभियान के तहत टीम द्वारा राज ढाबा सकरी बायपास रोड, बलौदाबाजार, छत्तीसगढ़ ढाबा साईं मंदिर के पास, रायपुर रोड, बलौदाबाजार, अपना ढाबा रायपुर रोड, बलौदाबाजार, जायसवाल भोजनालय एवं बिरयानी सेंटर बलौदाबाजार, कर्मा रेस्टोरेंट मेन रोड, कसडोल, पैलेस ऑफ पैराडाइस होटल एंड रेस्टोरेंट कसडोल, शंकर ढाबा डोंगरीडीह, कसडोल तथा संजीव एजेंसी कसडोल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुणवत्ता जांच हेतु पनीर, दही, गाय का दूध, रुचि नंबर वन वनस्पति, सिल्वर ड्रॉप रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल एवं अनिक घी के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

निरीक्षण के दौरान स्वच्छता एवं हाईजिन मानकों में कमियां पाए जाने पर राज ढाबा, छत्तीसगढ़ ढाबा, अपना ढाबा, जायसवाल भोजनालय एवं बिरयानी सेंटर तथा शंकर ढाबा के संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में कमियों को दूर करने हेतु निर्देश दिए है।

पीएम यशस्वी योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को मिल रहा उच्च शिक्षा का अवसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार-भाटापारा, 19 नवंबर। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली युवाओं को देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम यशस्वी टॉप क्लास एजुकेशन इन कॉलेज योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जनजाति (डीएनटी) वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। इस योजना का लाभ लेकर विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम परसाभदेर के युवा टिकेश्वर यादव ने दिल्ली स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन में पढ़ाई के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया और उन्हें 2 लाख 32 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने टिकेश्वर की मेहनत और योजना के प्रति उनकी जागरूकता की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे शासन की छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें, अपनी पात्रता के अनुसार आवेदन करें और उच्च शिक्षा के अवसरों का लाभ उठाकर आगे बढ़ें।

एक छोटे से गांव से निकलकर दिल्ली में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वर्तमान में उत्तर प्रदेश में नौकरी कर रहे टिकेश्वर ने पूरे अंचल के युवाओं के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। योजना के प्रमुख लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया-योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस एवं अन्य निर्धारित शुल्क, रहने-खाने के लिए 3,000 रुपये प्रतिमाह, किताबों एवं स्टेशनरी के लिए 5,000 रुपये प्रतिवर्ष तथा लैपटॉप के लिए 45,000 रुपये की एकमुश्त सहायता का प्रावधान है।इसके लिए विद्यार्थी का ओबीसी, ईबीसी या डीएनटी वर्ग से होना, परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक न होना तथा अधिसूचित प्रतिष्ठित संस्थान में निर्धारित प्रक्रिया से पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक है। पात्र विद्यार्थी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विशेष ग्रामसभा में पंचायतों को बाल विवाहमुक्त बनाने का संकल्प लिया गया

बलौदबाजार, 19 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने और बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अतुल परिहार के मार्गदर्शन में सोमवार को जिले की पांच पंचायतों में विशेष ग्रामसभाएं आयोजित की गईं। इनमें वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया। ग्रामसभाओं में बाल विवाह मुक्त गांव और पंचायत बनाने के साथ इस सामाजिक कुरीति को रोकने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की शपथ ली गई। ग्रामीणों को बताए बाल विवाह के दुष्परिणाम-विशेष ग्रामसभाओं के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई,महिला सशक्तिकरण तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों को बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक दुष्परिणामों की जानकारी दी।

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय 07856252203 फैक्स-07856252203 मोबाईल 9424238392 ईमेल पता- cmodantewada @ gmail.com

क्रमांक/2415 / राजस्व/न.पा. परि. /2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 16/11/2026

रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा क्षेत्रांतर्गत मुख्यमार्ग आंवराभाटा स्थित मुक्तिधाम के सामने नवनिर्मित कुल 10 दुकानों का आबंटन वर्गवार दिनांक-08/12/2026 को किया जाना है। उक्त दुकान आबंटन हेतु इच्छुक व्यक्ति बंद लिफाफा में अपनी उच्चतम बोली राशि दिनांक-07/12/2026 तक पंजीकृत डाक द्वारा नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा । दुकान आबंटन में भाग लेने हेतु निर्धारित अमानत राशि का डी.डी./एफडी.आर. मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा के पक्ष में तैयार कर बंद लिफाफा में प्रस्तुत होगा । प्राप्त निविदा को दिनांक-08/12/2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे खोला जावेगा। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र दिनांक-30/11/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।

दुकान आबंटन संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। आरक्षित वर्ग के आवेदकों को जाति संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत करना होगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर जिला: गरियाबंद (छ.ग.)

(sthapnashakhamainpur@gmail.com)

क्रमांक/लेखा/2026/2362 दिनांक:- 17.11.2026

'' निविदा सूचना ''

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड मैनपुर जिला-गरियाबंद (छ.ग.) पता देवभोग रोड मैनपुर की ओर से विकासखण्ड मैनपुर में संचालित शासकीय अस्पताल 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (मैनपुर/अमलीपदर) एवं 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (शोभा, अरगांव, उरमाल) में आंतरिक एवं बाहय परिसर में साफ़-सफाई / स्वच्छता (HOUSE KEEPING) कार्य (सफाई सामग्री सहित) हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु विकासखण्ड मैनपुर के खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में राशि रु. 500/- (अक्षरी राशि रु. पाच सौ मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/चेक (BLOCK MEDICAL OFFICER BLOCK MAINPUR A/C NO. 2689000100031299 के नाम से देय, जो की नॉन रिफंडेबल है) दिनांक 18.11.2026 से 23.11.2026 को अपरान्ह 12 बजे तक जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

क्र.	विवरण	तिथि	समय
01	निविदा विक्रिय की प्रारंभ तिथि एवं समय	18.11.2026	अपरान्ह 03 बजे में
02	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	23.11.2026	अपरान्ह 12 बजे तक
03	निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय	23.11.2026	अपरान्ह 03 बजे मे

संलग्नः- (1) परिशिष्ट अः- निविदा हेतु आवेदन 7
(2) परिशिष्ट ब :- घोषणा-पत्र 7
(3) परिशिष्ट स :- वित्तीय दर ।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर
जिला:-गरियाबंद (छ.ग.)

जी- 262704597/4

अदाणी पावर के 1600 मेगावाट क्षमता विस्तार को जनसुनवाई में मिला समर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा 19 नवंबर। ग्राम रायखेड़ा स्थित अदाणी पावर लिमिटेड के प्रस्तावित 1600 मेगावाट क्षमता विस्तार को लेकर बुधवार को पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में रायखेड़ा, गैत्रा एवं सोनतरा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। रायपुर के अतिरिक्त कलेक्टर यू.एस. बांधे की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई लगभग ढाई घंटे चली। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विकास, रोजगार, स्वरोजगार तथा सामाजिक सुविधाओं से जुड़े सुझाव रखे। अधिकांश उपस्थित ग्रामीणों ने परियोजना विस्तार का समर्थन किया, जबकि कुछ लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया। ग्रामीणों ने क्षमता विस्तार से हजारों लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जताई। कंपनी की ओर से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और बुनियादी सुविधाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। जनसुनवाई के अंत में कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रामायण पेड़ुना ने ग्रामीणों, प्रशासनिक अधिकारियों और उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं के विजेता युवा अब राज्यस्तर पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 19 नवंबर। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वाधान में योग भवन, बलौदाबाजार में जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2026-27 का आयोजन किया गया। युवा उत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलु जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन राज्य स्काउट के उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, के.के. वर्मा, योगेश वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर बिजौरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उत्सव में जिले के समस्त विकासखंडों से बड़ी संख्या में पंजीकृत और उत्साही युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, लोक कला, परंपराओं और आधुनिक रचनात्मकता का अद्भुत संगम के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति और कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला

युवा महोत्सव के तहत लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन, पारंपरिक वेशभूषा और क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज जैसी विभिन्न विधाओं में जिले के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। लोकनृत्य में लक्ष्मी वर्मा एवं साथी प्रथम स्थान, रवि एवं साथी द्वितीय स्थान पूनम ध्रुव एवं साथी तृतीय स्थान, लोकगीत में मोनिक सूर संगत प्रथम स्थान, किरण निर्मलकर एवं साथी द्वितीय स्थान एवं रीना कन्नौजे एवं साथी तृतीय स्थान, चित्रकला में प्रणम नायक ने प्रथम स्थान, पोषण सिंग ने द्वितीय स्थान मेघमाला ने तृतीय स्थान, नुक्कड़ नाटक में रोहांसी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान हिरमी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान एवं रसेड़ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तृतीय स्थान, कविता लेखन में नसरीन निशा ने प्रथम स्थान गोदावरी साहू ने द्वितीय स्थान एवं जिज्ञासा साहू ने तृतीय स्थान एवं पारंपरिक वेशभूषा में सोनु यादव ने प्रथम स्थान श्रद्धा त्रिपाठी ने द्वितीय स्थान एवं कुमकुम कुर्रे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरे जिले से लगभग 300 से अधिक युवाओं ने इस आयोजन में अपनी कला के जौहर दिखाए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले ये युवा अब आगामी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बलौदाबाजार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एक नजर

आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ आक्रोश

रायपुर 19 नवंबर। छत्तीसगढ़िया समाज पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाली आरोपी मधुबाला गिरी की गिरफ्तारी को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने रायपुर, धमतरी, बालोद समेत प्रदेशभर के थानों में ज्ञापन सौंपा। उधर विरोध बढ़ने के बाद मधुबाला ने वीडियो जारी कर माफी मांगी है। इस प्रकरण में त्वरित गिरफ्तारी की मांग को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने पूरे प्रदेश में विरोध का बिगुल फूंक दिया है। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राजधानी रायपुर सहित राज्य के विभिन्न जिलों के पुलिस थानों में पहुंचकर थाना प्रभारियों को ज्ञापन सौंपा और कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के सदस्यों ने रायपुर ग्रामीण के विधानसभा, मंदिर हसौद, धरसीवा और सिलतरा पुलिस थानों में अपनी मांगों का पत्र सौंपा। इसके अतिरिक्त धमतरी, मुंगेली, खैरागढ़, गंडई, बालोद, कबीरधाम और जांजगीर-चांपा समेत कई अन्य जिलों में भी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

फिल्म आएं बाएं साएं 20 नवंबर को होगी रिलीज़

रायपुर 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ में लगातार फिल्मों का निर्माण करने वाली प्रोडक्शन हाउस अरण्य सिनेमा अपनी आठवीं फिल्म आएं बाएं साएं लेकर आ रही है। आपको बता दें इस प्रोडक्शन हाउस में पिछले वर्ष ही दो सुपरहिट फिल्म एमए प्रीवियस एवं धनेश के आराधना का निर्माण कर चुकी है , जिसमें एम.ए. प्रीवियस अब यूट्यूब पर उपलब्ध है जिसे दस मिलियन से भी ज्यादा लोगों ने देखा है, इसी कड़ी में 20 नवंबर 2026 को हॉरर कॉमेडी फिल्म आएं बाएं साएं रिलीज हो रही है इस फिल्म में सुपरस्टार राज वर्मा, एल्सा घोष, धनेश साहु, आराधना साहु, पुष्पेन्द्र सिंह, पूरन किरी, कुबेर नेताम, भूमि साहू, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किरण भौजी, धनेश की टीम से काका सेवक मनोहर काका एवं मशहूर कॉमेडियन दादू साहू, जयंती मनहर, दीपाली पाण्डेय, नंदू साहू जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है।

शहर की स्वच्छता और सुंदरता पर हमारी सरकार कर रही है काम

रायपुर 19 नवंबर। राजधानी की स्वच्छता पर सियासत होने लगी है. पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के सफाई के लिए विधानसभा वार टेंडर पर पुनर्विचार और वार्ड स्तर पर जवाबदेही तय करने की मांग पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है. उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में रहकर कुछ नहीं करती. हमारी सरकार शहर कैसे स्वच्छ और सुंदर बने, इस पर काम कर रही है. राष्ट्रीय स्तर पर हमारे शहरों को इनाम मिल रहे हैं. यह बताता है कि हम स्वच्छता के क्षेत्र में किस तरीके से कम कर रहे हैं. वहीं छत्तीसगढ़ के नेताओं की सुरक्षा पर कटौती पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि गृह विभाग सुरक्षा के मापदंड तय करता है. सारी बातों का समीक्षा करके ही इस बारे में निर्णय लिया गया है।

अकबर के बयान पर डिप्टी सीएम अरुण साव का पलटवार

भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शन 20 नवंबर को

रायपुर 19 नवंबर। देश की राजधानी में आयोजित 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में शुक्रवार, 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और पारंपरिक कलाओं का भव्य प्रदर्शन करेगा। भारत मंडपम नई दिल्ली के एम्फी थिएटर-01 में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह में प्रदेश के लोक कलाकार सात पारंपरिक नृत्य शैलियों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विविधता और विरासत को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। शाम पांच बजे से आयोजित होने वाले इस समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे, जबकि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस सांस्कृतिक संध्या का विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्य होंगे। इनमें गौर नृत्य, गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ, पंथी और करमा नृत्य की प्रस्तुतियां शामिल हैं। इन लोकनृत्यों के माध्यम से प्रदेश के जनजातीय जीवन, सामाजिक परंपराओं, लोक आस्थाओं और ग्रामीण संस्कृति की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की जाएगी।

राहुल गांधी अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे:अरुण साव

रायपुर 19 नवंबर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। वे देश को कमजोर करने और अराजकता फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत के लिए न्यायालय जाने का संवैधानिक रास्ता है। लेकिन राहुल गांधी न्यायालय में जाने के बजाय चुनाव परिणामों पर बेबुनियाद सवाल उठा रहे हैं। उन्हें न संविधान पर भरोसा है और न ही देश की न्याय व्यवस्था पर।

श्री साव ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही चुनावी अनियमितताओं से जुड़ा रहा है। एक समय न्यायालय ने कांग्रेस के प्रधानमंत्री के चुनाव को अनैतिक आचरण के आधार पर अमान्य ठहराया था। इसके बावजूद आज कांग्रेस दूसरों पर सवाल उठा रही है। जबकि 2024 के



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें बढ़ी थी। वर्ष 2018 के मुकाबले उसे अधिक सीटें मिलीं। इसके बाद भी राहुल गांधी लगातार झूठ और भ्रामक आरोपों के जरिए देश को बदनाम करने में जुटे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता सब कुछ देख और समझ रही है। देश की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने, लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाने और विकास की राह में बाधा डालने वालों को जनता उचित जवाब देगी। देश को कमजोर करने और अराजकता फैलाने की राजनीति अब अधिक समय तक नहीं चलने वाली है। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफकठोर कार्रवाई कर रही है। जहां भी भ्रष्टाचार की शिकायत मिलती है, वहां ठोस कार्रवाई की जाती है। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। यह विष्णु का सुशासन है। भ्रष्टाचार में शामिल व्यक्ति चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। भ्रष्टाचारियों के खिलाफकार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

डिजिटल युग में संगठन की मजबूती पर जोर

छग राइस ब्रोकर्स एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा संपन्न

रायपुर 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ राइस ब्रोकर्स एसोसिएशन द्वारा वार्षिक आम सभा, दीपावली मिलन समारोह और आधिकारिक वेबसाइट लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया राइस मिलर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री योगेश अग्रवाल, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर परवानी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश थौराणी, द राइस एक्सपोर्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री मुकेश जैन, और छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के सचिव श्री विष्णु बिंदल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ की गई। इसके पश्चात, सभी आगत अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से एसोसिएशन की नई वेबसाइट का अनावरण किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री अमर परवानी, श्री योगेश अग्रवाल, श्री सतीश थौराणी, श्री मुकेश जैन और श्री विष्णु बिंदल ने संगठन के महत्व और आज के डिजिटल युग में वेबसाइट



की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ राइस ब्रोकर्स एसोसिएशन को इस नई पहल के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आधुनिक वेबसाइट का निर्माण श्री स्पर्श अग्रवाल और उनकी टीम द्वारा किया गया है, जिन्हें अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसोसिएशन के सचिव श्री सुमित केडिया ने वार्षिक सचिव प्रतिवेदन और अध्यक्ष श्री गोपाल बजाज ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान एसोसिएशन की ओर से उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, संगठन के सदस्य श्री विशाल खंडेलवाल और श्री संदीप खंडेलवाल को विगत माह नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने पर एसोसिएशन द्वारा उनका भी विशेष सत्कार किया गया।

स्पेस ऑन व्हील से जनजातीय अंचलों के बच्चों तक पहुंच रहा अंतरिक्ष विज्ञान

रायपुर 19 नवंबर। जिन बच्चों के लिए उपग्रह अब तक आसमान में चमकते बिंदु भर थे, उनके सामने अब इसरो के उपग्रहों के मॉडल मौजूद हैं। विज्ञान को प्रयोगशालाओं और बड़े संस्थानों तक सीमित न रखकर गांवों और स्कूलों तक पहुंचाने में जुटी विज्ञान भारती की इस पहल की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सराहना की। नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में विज्ञान भारती के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने संस्था के प्रतिनिधियों से आत्मीय भेंट की। साथ ही उन्होंने जनजातीय अंचलों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के संस्था के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और नवाचार के प्रति जिज्ञासा नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। जनजातीय अंचलों के बच्चों को देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों से परिचित कराने से उनमें नई चीजों को जानने-समझने की रुचि बढ़ेगी और नई संभावनाओं के प्रति उत्सुकता विकसित होगी। संस्था के प्रतिनिधि श्री वर प्रसाद कोला ने मुख्यमंत्री को विज्ञान भारती की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान भारती राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। संस्था स्वदेशी विज्ञान आंदोलन के माध्यम से भारतीय वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित करने का कार्य कर रही है। इसमें वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ नई पीढ़ी के वैज्ञानिक भी जुड़े हुए हैं। इसरो, आईसीएमआर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े विशेषज्ञों का भी इसमें योगदान है।

श्री कोला ने बताया कि दूरस्थ अंचलों तक विज्ञान की जिज्ञासा पहुंचाने के लिए विज्ञान भारती स्पेस ऑन व्हीलश् पहल संचालित कर रही है। इस विशेष वाहन में इसरो द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों के मॉडल और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी प्रदर्शन सामग्री रखी जाती है।

हेट स्पीच मामले में अमित बघेल को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत,रायपुर छोड़ने की शर्त भी हटा दी गई

रायपुर 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ की सियासत और न्यायिक गलियारों से बड़ी खबर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संस्थापक और जोहार छत्तीसगढ़िया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को देश की सर्वोच्च अदालत से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए हेट स्पीच से जुड़े सभी 14 आपराधिक मामलों में उन्हें नियमित जमानत प्रदान कर दी है। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें रायपुर जिले की सीमा से बाहर रहने की पुरानी शर्त से भी मुक्त कर दिया है।नक्शे देखें

अमित बघेल के खिलाफ दर्ज ये सभी 14 मामले राजधानी रायपुर के वीआईपी चौक स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के साथ हुई तोड़फोड़ की घटना के बाद दिए गए उनके विवादित बयानों से जुड़े हुए हैं। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफविभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था।

अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें

गुरुवार को हुई अहम सुनवाई में अमित बघेल की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा ने की। बचाव पक्ष ने दलील दी कि जिन धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं, उनमें अधिकतम सजा तीन साल की है, जबकि बघेल पहले ही सात महीने से अधिक समय जेल में काट चुके हैं। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए सभी मामलों में सरेंडर भी किया है।

दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकीलों ने जमानत का कड़ा विरोध किया। सरकार की तरफ से तर्क दिया गया कि बघेल के खिलाफइन 14 प्रकरणों के अतिरिक्त 19 अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं और उन्होंने अंतरिम जमानत खत्म होते ही तुरंत सरेंडर नहीं किया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बघेल के हक में फैसला सुनाया और रायपुर छोड़ने की पाबंदी हटाते हुए नियमित जमानत मंजूर कर ली।

जेल से रिहाई और सरेंडर का घटनाक्रम

इस कानूनी लड़ाई की शुरुआत बिलासपुर हाईकोर्ट से हुई थी, जहां 9 अप्रैल 2026 को अदालत ने उन्हें इन सभी मामलों में तीन महीने की अस्थायी जमानत दी थी। हालांकि, बलौदाबाजार आगजनी मामले में न्यायिक हिरासत में होने के कारण वे 22 जुलाई को रायपुर सेंट्रल जेल से बाहर आ सके थे। 22 अक्टूबर को अस्थायी जमानत की समय-सीमा समाप्त होने के बाद, बघेल ने हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत ने 28 अक्टूबर को उन्हें दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।

पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं : विश्वकर्मा

रायपुर 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री आर. एस. विश्वकर्मा ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी पात्र हितग्राहियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं का लाभ जरूरतमंद और पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वरोजगार और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। श्री विश्वकर्मा ने आज गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों और विभागीय गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

सलधा में सवा लाख शिवलिंग स्थापना का संकल्प

रायपुर 19 नवंबर। छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर स्थित सिद्ध-प्रसिद्ध सपाद लक्षेश्वर धाम, ग्राम सलधा जो की रायपुर से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर बेमेतरा जिले में शिवनाथ नदी के तट पर बन रहा है। यहाँ पर सवा लाख शिवलिंगों की स्थापना के दिव्य संकल्प के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक मंदिर निर्माण का पुनीत अभियान प्रारंभ हो चुका है। यह संकल्प केवल मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं है, अपितु सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, श्रद्धा भक्ति एवं धार्मिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित एक महान आध्यात्मिक यज्ञ है। इस पावन संकल्प को साकार करने एवं मंदिर निर्माण में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में आमंत्रण एवं सहभागिता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है,




जो की 8 जनवरी 2026, पौष शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा से प्रारम्भ होकर 19 फ़रवरी 2027, माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी पर्यंत चलेगी। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक अंचल, प्रत्येक परिवार एवं प्रत्येक शिवभक्त को इस दिव्य अभियान से जुड़ने हेतु सादर आमंत्रित किया जाएगा। इस दिव्य संकल्प के अंतर्गत वर्ष 2027 की महाशिवरात्रि से सवा लाख शिवलिंगों की प्राण प्रतिष्ठा का महा अनुष्ठान प्रारंभ होगा। इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 324 शिवलिंगों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जो निरंतर 2028 की महाशिवरात्रि तक चलती रहेगी। एक वर्ष तक चलने वाला यह अनवरत धार्मिक अनुष्ठान अपने आप में अद्वितीय एवं ऐतिहासिक होगा। जो भी शिवभक्त अपने या अपने परिवार के नाम से शिवलिंग स्थापना हेतु बुकिंग कर चुके हैं, उनको लगभग एक माह पूर्व से ही सूचित कर दिया जाएगा ताकि परिवार सहित स्थापना में शामिल हो सके, साथ ही जो भी अभी तक बुक नहीं कर पाये है उनको पूर्णाहुति की नारियल की तरह अंतिम अवसर भी दिया जाएगा। इस पुनीत अवसर पर समस्त सनातन धर्मावलंबियों, श्रद्धालुओं एवं शिव भक्तों से विनम्र आह्वान है कि वे इस दिव्य संकल्प से जुड़कर सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत के इस महान कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग एवं सहभागिता प्रदान करें भक्तगण हमारी आधिकारिक वेबसइट www.saladha.guru के माध्यम से ऑनलाइन भी शिवलिंग पंजीयन करवा सकतें हैं।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में आरिज़ खान ने मारी बाजी



रायपुर 19 नवंबर। बैडमिंटन प्रतियोगिता में आरिज़ खान ने मारी बाजी नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन। रायपुर राजधानी में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिए आरिज़ खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 11 श्रेणी में फाइनल मुकाबले में जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया आरिज़ खान पिता मोहम्मद शाहिद खान का उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मिनी सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है इस उपलब्धि से परिवार मित्रों खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है देश प्रदेश का नाम रौशन करने पर प्रदेश के गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों ने मुबारक बाद और अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं।

आंवले का वृक्ष सब वृक्षों में श्रेष्ठः इन्दुभवानंद



रायपुर 19 नवंबर। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष नौवीं को भगवान श्री हरि का आंवले के रुप में पूजन होता है जो सभी पापों से मुक्ति दिलाने वाला होता है विधी विधान से पूजन करके साष्टांग प्रणाम कर वृक्ष की छाया में सभी भोजन ग्रहण करते हैं। आंवला नवमी के पावन अवसर पर राजधानी के श्री शंकराचार्य आश्रम में आयोजित समारोह में दंडी सन्यासी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज ने कही।

उन्होंने कहा इस वृक्ष को आदिरोह कहा जाता है क्योंकि यह सृष्टि में सबसे पहले आया एवं भगवान विष्णु का प्रिय है इसके स्मरण मात्र से मनुष्य को अनन्त फल प्राप्त होता है दर्शन से दो गुना एवं फल खाने से तीन गुना पुण्य होता है अतः समस्त कामनाओं की सिद्धि के लिए आंवले का पूजन करना चाहिए

आंवले की छाया में जो भी पुण्य किया जाता है वह कोटि गुना होता है जो मनुष्य आंवले के नीचे दीपदान करता है वह पुण्यवान होता है ।

राजधानी के श्री जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में परम पवित्र आंवला नवमी का पूजन परम पूज्य दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रातः काल से प्रारंभ हुआ भगवान श्री नारायण का पूजन एवं आंवला फल से अर्चन एवं श्रीयंत्र पूजन दीपार्चन कर आरती सम्पन्न हुई तथा सभी भक्तों ने दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के साथ आंवला वृक्ष की परिक्रमा कीर्तन करते हुए पूर्ण की। साथ ही विभिन्न द्रव्यों से आंवला वृक्ष की छाया में भगवान श्री नारायण को भोग लगाया गया। उपरांत बड़ी संख्या में भक्तों ने आंवला वृक्ष के नीचे आनन्द से भोग प्रसाद ग्रहण किया।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26